* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 134 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com




भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर से द्विपक्षीय वार्ता करते पीएम नरेन्द्र मोदी

## सीट बंटवारा और टिकट आवंटन में सतर्कता नहीं बरती तो दोनों गठबंधनों को होगा बड़ा नुकसान

**कई फ्लाइंग प्रत्याशी और धन पशु भी टिकट लेने की होड़ में चल रहे आगे | धनपशुओं व ठेकेदार नेताओं के आगे पिछड़ जाते हैं निष्ठावान कार्यकर्ता | ईमानदार एवं समर्पित कार्यकर्ता के लिए अब टिकट पाना मुश्किल**

**विशेष संवाददाता / नवबिहार टाइम्स**

**पटना/औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। औरंगाबाद जिले की छह विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होना है, लेकिन पहले और दूसरे चरण के बीच के समयांतराल के कम होने के कारण पूरा प्रदेश एक साथ चुनावी माहौल में डूब गया है। अब सबकी निगाहें एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों की सूची पर टिकी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सीट बंटवारा और टिकट आवंटन में यदि जरा भी चूक हुई तो दोनों गठबंधनों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। राजनीति में 'फ्लाइंग प्रत्याशियों' का चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। ये ऐसे उम्मीदवार हैं जो किसी एक क्षेत्र से जुड़े नहीं होते बल्कि जिस सीट पर जीत की संभावना दिखे या पार्टी टिकट देने को तैयार हो, वहीं से चुनाव मैदान में कूद पड़ते हैं। इस बार भी कई ऐसे नाम सक्रिय हैं जो पैसे, प्रभाव या संपर्कों के दम पर टिकट पाने की कोशिश में लगे हैं। कहा जा सकता है कि बिहार की राजनीति में अब समर्पण और संघर्ष की बजाय पूंजी और पहुँच का सिक्का अधिक चल रहा है। पार्टी के भीतर वर्षों तक काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं में गहरी निराशा है। कई स्थानीय नेताओं का कहना है कि वे संगठन के लिए सालों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन टिकट की दौड़ में हमेशा 'धनपशुओं' और 'ठेकेदार नेताओं' के आगे पिछड़ जाते हैं। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, अब पार्टी का सिद्धांत या वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि



आर्थिक क्षमता और ऊँची पहुंच तय करती है कि किसे टिकट मिलेगा। वास्तविकता यह है कि हर दल में अब 'दारू-बालू माफिया' और 'नवधनाढ्य वर्ग' का दखल लगातार बढ़ता जा रहा है। ये लोग अपनी आर्थिक ताकत के बल पर टिकट खरीदने और चुनाव लड़ने की क्षमता रखते हैं। राजनीतिक दल भी चुनावी खर्च और संसाधनों के दबाव में इन पर निर्भर होते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप, विचारधारा और जनसेवा की जगह 'निवेश और प्रतिफल' का समीकरण तय करने लगा है कि कौन नेता बनेगा। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है। यदि टिकट वितरण में पारदर्शिता और स्थानीय प्रतिनिधित्व की भावना को दरकिनार किया गया, तो आम कार्यकर्ताओं और मतदाताओं दोनों का भरोसा कमजोर होगा। चुनावी समीकरणों में भी इसका सीधा असर दिख सकता है-पार्टी संगठन कमजोर पड़ेंगे, बगावतें बढ़ेंगी और कई सीटों पर वोटों का बिखराव निश्चित रूप से होगा। राजनीति में अब यह आम धारणा बन चुकी है कि जो पैसे से टिकट खरीद सकता है, वही राजनीति में टिक सकता है। यह सोच न केवल लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करती है बल्कि उन सैकड़ों युवाओं की उम्मीदें भी तोड़ती है जो विचार और सेवा की शक्ति से राजनीति में परिवर्तन लाना चाहते हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इसलिए केवल सत्ता की जंग नहीं है बल्कि यह भी तय करेगा कि बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी-विचार और जनसेवा की ओर या पैसे और माफियातंत्र की ओर। दोनों गठबंधनों के लिए यह आवश्यक है कि वे टिकट बंटवारे में सतर्कता, पारदर्शिता और योग्यता को प्राथमिकता दें। वरना, जनता का जनादेश इस बार उन्हें बड़ा सबक सिखा सकता है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए साढ़े आठ लाख मतदान पदाधिकारियों की होगी तैनाती

**पहले चरण का नामांकन आज से, 121 सीटों पर 6 नवंबर को होगा मतदान**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव आयोग 10 अक्टूबर यानी आज अधिसूचना जारी करेगा। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होगा। 17 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 4 नवंबर की शाम 5 बजे पहले चरण का प्रचार थम जाएगा। इस चरण में परचा दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों को प्रचार के लिए अधिकतम 15 दिन का समय मिलेगा। बिहार विधानसभा के पहले चरण में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से 62 सीटों पर एनडीए का कब्जा है, जबकि 59 सीटें महागठबंधन




के खाते में हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि दो चरणों में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए करीब 8.5 लाख मतदान पदाधिकारियों की तैनाती की जायेगी। इनमें करीब 4.53 लाख मतदानकर्मी होंगे। 2.5 लाख पुलिसकर्मी और अधिकारी, 28,370 मतगणना कर्मी, 17,875 माइक्रो ऑब्जर्वर, 9,625 सेक्टर ऑफिसर, मतगणना के लिए 4,840 माइक्रो ऑब्जर्वर और 90,712 आंगनवाड़ी सेविकाओं को तैनात किया जायेगा। चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसलिए 38 पुलिस ऑब्जर्वर और 67 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी नियुक्त किये गये हैं। सभी ऑब्जर्वर अपने-अपने आवंटित विधानसभा क्षेत्र में तैनात रहेंगे और राजनीतिक दलों/प्रत्याशियों के साथ लगातार संपर्क बनाये रखेंगे और उनकी जो भी शिकायत होगी, उसको दूर करेंगे। आचार संहिता के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई के लिए पूरे राज्य में 824 उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं। ये टीमें किसी भी शिकायत पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करेंगी।

## प्रत्याशियों का नाम जल्द फाइनल करें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को आयोजित जदयू नेताओं की बैठक खत्म हो गई है। यह बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक में सीएम नीतीश के बेटे निशांत के चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि नालंदा की हरनौत सीट से निशांत चुनाव लड़ सकते हैं। सीएम नीतीश ने बैठक में संजय झा से पहले चरण के कैंडिडेट के नाम जल्द फाइनल करने को कहा ताकि उन्हें नोमिनेशन में आसानी हो। साथ ही कहा कि भाजपा के साथ मिलकर जल्द सीट शेयरिंग पर फाइनल बातचीत करें। बैठक के दौरान विजय कुमार चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी भी मिली है। सीएम नीतीश ने उन्हें चुनाव में हर एक्टिविटी पर नजर रखने को कहा है। साथ ही घटक दल के साथ सीट शेयरिंग पर बात करने को कहा गया है। बैठक में चुनावी तैयारी, सीट शेयरिंग और टिकट को



लेकर मंथन हुआ। सूत्रों की माने तो पार्टी कुछ सिटिंग एमएलए का टिकट काट सकती है। इनमें हिलसा से प्रेम मुखिया हरनौत से हरी नारायण सिंह गोपालपुर से गोपाल मंडल कुशेश्वरस्थान से अमन भूषण हजारी और सुरसंड से दिलीप राय का टिकट कटने की चर्चा है। माना जा रहा है कि हरनौत सीट से नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार चुनाव लड़ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हम के राष्ट्रीय सचिव ने दिया इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जीतन राम मांझी की पार्टी हम के राष्ट्रीय सचिव रंजीत चंद्रवंशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन से मुलाकात कर औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपा। रंजीत चंद्रवंशी, जो पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं, ने इस्तीफ़े के साथ पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

### जेल में बंद कैदी की संदिग्ध मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित जेल में बंद एक कैदी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हत्या के आरोप में 2023 से जेल में बंद था। मृतक दिलखुश कुमार(23) समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चक बिदुलिया गांव का रहने वाला था। बुधवार देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।

### नेताओं के निजी जीवन पर टिप्पणी से बचें : आयोग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को प्रतिद्वंद्वी दलों या उनके नेता और कार्यकर्ताओं के निजी जीवन पर टिप्पणी करने से बचने की हिदायत दी है। खासकर निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना से बचने को कहा, जो उनकी सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित न हो। आयोग ने प्रतिद्वंद्वी दलों और उम्मीदवारों पर निशाना साधने वाले सिंथेटिक या कृत्रिम वीडियो के लिए एआई का उपयोग करने में आचार संहिता और उससे संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया है।

### 1139 वाहन जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग शराब तस्करों पर कड़ी कार्रवाई में जुटा है। विभाग ने पिछले एक माह में राज्यभर में 94,942 छापेमारियां की हैं, जिनमें 19,341 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 5.15 लाख लीटर शराब जब्त की गई है। इन छापेमारियों से संबंधित 16,377 प्राथमिकियां दर्ज की गईं। विभाग ने 1,139 वाहन भी जब्त किए हैं, जिनमें 848 दोपहिया, 82 तीनपहिया, 182 चारपहिया वाहन और 27 बड़े ट्रक शामिल हैं।

## मुख्य सचिव से भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक ने की मुलाकात

**पटना (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक



(पूर्वी अंचल) मनोज कुमार गोगोई ने गुरुवार को बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से मुलाकात कर अधिप्राप्ति (खरीफ विपणन वर्ष 2025-26), खाद्य सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। वहीं एक अन्य बैठक में कार्यकारी निदेशक (पूर्वी अंचल) मनोज कुमार गोगोई ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम, बिहार के महाप्रबंधक अमित भूषण और अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गया में 2.5 करोड़ का सोना जब्त, तस्कर धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी में हावड़ा-कालका मेल ट्रेन से ढाई करोड रुपए का सोना बरामद किया गया है। तकरीबन 2 किलो सोने की बरामदगी हुई है, जो बिस्किट साइज में है। गया जंक्शन पर यह सफलता जीआरपी को मिली है। इस मामले में आयकर विभाग की टीम को बुलाया गया है। गया रेल थाने की पुलिस मामले में कार्रवाई में जुटी हुई है। वही ढाई करोड रुपए का सोना बरामद होने के बाद गया जीआरपी के द्वारा आयकर विभाग की टीम को इसकी सूचना दी गई है। इस मामले की जांच आयकर विभाग की मदद से की जाएगी। जानकारी के अनुसार सोना तस्करी कर कोलकाता से कानपुर ले




जाया जा रहा था। इतने बड़े पैमाने पर सोना की बरामदगी के बाद रेल पुलिस पूरे मामले को खंगाल रही है। रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि बुधवार की देर रात को गया जंक्शन पर हावड़ा -कालका मेल ट्रेन 12311 अप की जांच की जा रही थी। हावड़ा-कालका मेल ट्रेन के एक कोच की जांच के दौरान एक व्यक्ति खुद को असहज महसूस करने लगा। आशंका होने पर रेल थाना की पुलिस के द्वारा जांच की गई और उसके बैग की तलाशी ली गई तो बैग में भारी मात्रा में सोना मिला। तुरंत उसे हिरासत में लेकर रेल थाना लाया गया। रेल थाना के अनुसार पकड़ा गया व्यक्ति सोने का कारोबारी है। पकड़ाया व्यक्ति हरिशंकर वर्मा उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला है। फिलहाल कोलकाता से कानपुर सोना की तस्करी को लेकर पूरी कार्रवाई चल रही है और आयकर विभाग की मदद से मामले की जांच हो रही है। रेल थाने की पुलिस के अनुसार बरामद दो किलोग्राम सोना का अनुमानित मूल्य करीब ढाई करोड़ रुपए आंका जा रहा है।

## घूसखोर डाटा ऑपरेटर रंगे हाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड में जमीन के दाखिल-खारिज के नाम पर घूस मांगने वाले एक डाटा ऑपरेटर को निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी डाटा ऑपरेटर सतीश कुमार को निगरानी की टीम ने तीन हजार रुपए की पहली किस्त लेते धर दबोचा। जानकारी के अनुसार सतीश कुमार ने खालिसपुर निवासी नीरज कुमार से उनकी जमीन के दाखिल-खारिज के बदले कुल 15 हजार रुपए घूस की मांग की थी। शिकायतकर्ता नीरज कुमार ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत निगरानी विभाग के पटना कार्यालय में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने मामले की सत्यता की जांच की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर गुरुवार को टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही सतीश कुमार ने तीन हजार रुपए की पहली किस्त ली, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। निगरानी विभाग के डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए उसे पटना ले जाया गया है। वहीं, शिकायतकर्ता नीरज कुमार ने बताया कि फरवरी महीने से मैं अपने जमीन के दाखिल-खारिज के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। डाटा ऑपरेटर बार-बार पैसे की मांग कर रहा था, तब जाकर मैंने इसकी शिकायत निगरानी विभाग में की।बताया जा रहा है कि यह एक सप्ताह के भीतर जहानाबाद जिले में निगरानी विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसमें घूसखोरी के आरोप में सरकारी कर्मियों को रंगे हाथ पकड़ा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व से जुड़े कार्यों में छोटे स्तर के कर्मचारी घूसखोरी को लेकर आम जनता को लगातार परेशान कर रहे हैं। ऐसे में निगरानी विभाग की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर सख्त संदेश दे रही है।

## कल लोकनायक को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे उपराष्ट्रपति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 11 अक्तूबर 2025 को एक दिवसीय बिहार यात्रा करेंगे। वे बिहार के सारण ज़िले के सीताब दियारा में जन्म जयंती के अवसर पर भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री राधाकृष्णन सीताब दियारा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक आवास जाकर उन्हें नमन करेंगे तथा उनके राष्ट्रीय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वे सीताब दियारा में स्थित प्रभावती पुस्तकालय का भी दौरा करेंगे, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती देवी की स्मृति में स्थापित किया गया है।






## 13 को जारी होगी एनडीए उम्मीदवारों की पहली सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर एनडीए के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 13 अक्टूबर को जारी होगी। इस सूची में गठबंधन के सभी पांचों दलों के कुछ उम्मीदवारों के नाम शामिल होंगे। बाद में प्रत्येक दल अपनी-अपनी सीटों के नाम अलग से जारी कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक 12 अक्टूबर को दिल्ली में हो सकती है। इससे पहले 11 अक्टूबर को बिहार भाजपा कोर ग्रुप की बैठक होगी। बिहार भाजपा ने बुधवार को चार घंटे मीटिंग करके 110-115 सीटों पर कम से कम तीन नाम का पैनल दिल्ली भेज दिया है। अब पार्टी दिल्ली में अंतिम फैसला करेगी कि किसे टिकट देना है। बताया जा



रहा है कि बीजेपी ने हर सीट के लिए तीन-तीन नाम तैयार इसलिए किए हैं, ताकि कोर ग्रुप और बाद में सीईसी की बैठक में चर्चा के बाद उपयुक्त उम्मीदवार तय किए जा सकें। गौरतलब है कि गुरुवार को भाजपा और जदयू ने अलग-अलग बैठकें कीं, जिसमें उम्मीदवारों के चयन से लेकर सीटों के समीकरण तक पर चर्चा हुई। भाजपा की बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे जबकि मुख्यमंत्री आवास पर जदयू की अहम बैठक हुई जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल थे। दोनों ही दलों ने अपने-अपने स्तर पर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बैठक के बाद कहा कि पार्टी सभी घटक दलों से बातचीत कर रही है और जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर खुशखबरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। सभी दलों से बात हो रही है और जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

C M Y K

# निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासन मुस्तैद

## अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर रखी जा रही नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वतंत्र निष्पक्ष भय मुक्त मतदान करने को लेकर मसौढी विधानसभा में प्रशासन की टीम मुस्तैद हैं। जिसको लेकर फ्लाईंग स्क्वायड, हॉटस्पॉट प्वाइंट्स पर तीन पालियों में स्टैटिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम तथा वीडियो व्यूईंग टीम के माध्यम से प्रशासन की निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखी जा रही है। इनफ़ोर्समेंट एजेन्सीज़ पैसों के ट्रांजैक्शन पर नजर रख रही है। बहरहाल एसडीएम ने कहा कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। एसडीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप चुनाव को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु सभी तैयारी की गई है। 17 कोषांग सतत सक्रिय है। 03 फ्लाईंग स्क्वायड (एफएस), 03 प्वायंट्स पर 18 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), 02 वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) एवं 2 वीडियो व्यूईंग टीम (वीवीटी) के माध्यम से जिला प्रशासन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रख रही है। वहीं इनफ़ोर्समेंट एजेन्सीज़ पैसों के ट्रांजैक्शन पर नजर रख रही है। आदर्श आचार संहिता कोषांग, व्यय अनुश्रवण कोषांग एवं विधि-व्यवस्था कोषांग द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया जा रहा है। फ्लाईंग स्क्वायड के गठन का प्रयोजन असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना, अभ्यर्थियों एवं अन्य लोगों द्वारा मतदाताओं को डराने-धमकाने, नगद राशि प्रदान करने की घटना को रोकना तथा अवैध खर्च पर नजर रखना है। उड़नदस्ता दल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन एवं अन्य शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेगी। यदि कहीं से नगद राशि, शराब, अन्य उपहार, रिश्वत, शस्त्रों, असामाजिक तत्वों की आवाजाही पायी जाती है तो उड़नदस्ता दल, निर्मित नाका/चेकपोस्ट पर स्टैटिक रहकर वाहनों की चेकिंग करेगा।

# आज से नामांकन शुरू, एसडीएम कक्ष में होगा नामांकन, हेल्प डेस्क का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रथम चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गया है जो सुबह 11:00 से 3:00 तक चलेगा। मसौढी विधानसभा में मसौढी अनुमंडल कार्यालय के एसडीएम कक्ष में नामांकन कार्य होंगे जिसको लेकर अनुमंडल प्रशासन द्वारा नामांकन कोषांग, नामांकन हेल्प डेस्क एवं सिंगल विंडो सिस्टम का गठन किया गया है, जहां उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए उनकी मदद के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नामांकन कोषांग में नोडल पदाधिकारी भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण और सहयोगी के रूप में धर्मवीर कुमार अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी, राजू रंजन कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मसौढी, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनरूआ सीमा कुमारी, विधि विशेषज्ञ जय शिव के साथ 10 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा नामांकन हेल्प डेस्क में नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी और सीडीपीओ मसौढ़ी अनिता कुमारी को लगाया गया है। सहयोग में चार कर्मचारियों को मुस्तैद किया गया है। इसके अलावा सिंगल विंडो सिस्टम के नोडल पदाधिकारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत कुमार राणा को लगाया गया है जिसमें पांच कर्मी सहयोग के रूप में रहेंगे।

## नामांकन स्थल पर पुलिस व मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति, तीन लेयर में होगी सुरक्षा व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा में प्रथम चरण में चुनाव होना है। जिसको लेकर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया की शुरुआत हो रही है। ऐसे में नामांकन स्थल पर विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर निर्वाचित सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस दंडाधिकारी की तैनाती की है। जिसमें अनुमंडल परिसर के मेंन गेट के पास मजिस्ट्रेट के तौर पर रंजीत कुमार सिंह किसान सलाहकार के साथ पुलिस पदाधिकारी नूर आलम को लगाया गया है। वही अनुमंडल कार्यालय के मेंन गेट के पास मदन कुमार किसान सलाहकार के साथ पुलिस पदाधिकारी विभीषण यादव को लगाया गया है। वही अनुमंडल परिसर के दक्षिणी गेट पर दंडाधिकारी संत कुमार किसान सलाहकार के साथ सहायक अवर निरीक्षक पिंकू कुमार पुलिस पदाधिकारी के रूप में लगाए गए हैं। इसके साथ ही सभी पुलिस स्टेट पदाधिकारी के साथ 4 पुलिसकर्मीयो को लगाया गया है। जो नामांकन के दौरान उमडने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं विधि व्यवस्था संधारण करेंगे।

# मसौढ़ी में जीविका दीदीयों ने संभाली मतदाता जागरूकता की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मसौढी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तरों पर जरूरी पहल की जा रही है। इसी अभियान में मसौढी प्रखंड की जीविका दीदी भी बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रही हैं। गुरुवार को विभिन्न ग्रामीण इलाके में एकत्र होकर जीविका दीदियों ने आने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान का संकल्प लिया। साथ ही अपने पास-पड़ोस व सगे संबंधियों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प जीविका दीदियों ने लिया। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जीविका दीदियों द्वारा क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण, रैली व चौपाल का आयोजन कर जीविका दीदी मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें बढ़-चढ़ कर मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। जीविका के एरिया कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार ने बताया कि विभिन्न ग्राम संगठन के माध्यम से रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन छोटकी मसौढ़ी, दहीभाता, चरमा, दौलतपुर में जीविका दीदियों के द्वारा किया गया जिसमें सभी ने मताधिकार करने के लिए जागरूक किया जिसमें जीविका कार्यालय से उच्च्ग्र समदर्शी,एए डेजी कुमारी एवं अन्य कर्मी शामिल हुए।

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी, आज से नामांकन

## विधानसभा क्षेत्र में हैं 369 मतदान केंद्र, 2.89 लाख से अधिक मतदाता करेगें मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे राज्य में चुनावी माहौल गरमा गया है। पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में भी प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। अनुमंडल कार्यालय में लगातार बैठकों और समीक्षा का दौर जारी है, जिसमें नामांकन से लेकर मतदान तक की सभी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पालीगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम गरिमा लोहिया ने बताया कि नामांकन के लिए चुनाव डेस्क, बैरिकेटिंग के साथ साथ परिसर तथा परिसर के बाहर चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए दिए गए हैं। नामांकन कक्ष बना दिया गया है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी के साथ सशस्त्र बलों की नियुक्ति कर दी गई है। अनुमंडल कार्यालय के पास धारा 144 लगा दी गई है, सौ मीटर की दूरी के अंदर सिर्फ अभ्यर्थी के साथ 5 लोग तीन गाड़ी के साथ ही नामांकन परिधि के अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक चलेगी। 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) होगी। जबकि 20 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि रखी गई है। 6 नंबर को वोट डाले जाएंगे। पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में दो विधानसभा क्षेत्र, पालीगंज और बिक्रम आते हैं। इनमें बिक्रम विधानसभा में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 424 हैं। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 3,07,636 है, जिसमें पुरुष मतदाता 163164 तथा महिला मतदाता 144459 हैं, वहीं थर्डजेंडर मतदाताओं की संख्या 13 है। पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दो प्रखंड, पालीगंज और दुल्हिनबाजार शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, इस क्षेत्र में कुल 369 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें पालीगंज प्रखंड में 253 और दुल्हिनबाजार प्रखंड में 116 मतदान केंद्र शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र में कुल 2.84 लाख से अधिक मतदाता हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,49,999, महिला 1,34,116 तथा (18 से 19 वर्ष के) नए युवा मतदाता 5,270 जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं 2,571 दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की जा रही है।

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम गरिमा लोहिया ने सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव के पूर्व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो कंपनी अर्ध्य सैनिक बल पालीगंज पहुंच चुकी है, जो क्षेत्र में फ्लैग मार्च तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट बनाकर सघन जांच अभियान इस दौरान नियमित ग़श्ती, वाहन चेकिंग, फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, अवैध हथियारों की बरामदगी, मादक पदार्थों की बरामदगी इत्यादि नियमित रूप से करने हेतु दिशा निर्देश अर्घ्य सैनिक बालों, पर्यवेक्षी पदाधिकारी थाना अध्यक्ष पालीगंज और दुल्हिन बाजार सहित सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठ में पालीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दिए हैं। अब पूरा पालीगंज अनुमंडल चुनावी रंग में रंग चुका है और अधिकारी समयबद्ध तरीके से तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

### चुनाव को लेकर अपराध समीक्षा बैठक

**पालीगंज।** पालीगंज पुलिस अनुमंडल-1 के कार्यालय में गुरुवार को अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सर्किल इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षी पदाधिकारी और थाना अध्यक्ष मौजूद रहे।

आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि प्रतिदिन गिरफ्तारी और वारंटियों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कुर्की-जब्ती, अवैध हथियार और मादक पदार्थों की बरामदगी पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और अधिक से अधिक संख्या में निरोधात्मक कार्रवाई एवं बाउंड डाउन की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

# राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में अधिवक्ता हितों को दें प्राथमिकता : जिला विधिज्ञ संघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के पुस्तकालय भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। बैठक में अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया है कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में अधिवक्ता हितों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज के बौद्धिक आधार स्तंभ हैं और न्याय व्यवस्था की मजबूती में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि बिहार में बड़ी संख्या में अधिवक्ता विभिन्न सामाजिक और आर्थिक वर्गों से आते हैं। महिला अधिवक्ताओं की संख्या भी हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है, जो कानूनी पेशे में नई ऊर्ज़ा और दृष्टि का संचार कर रही हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला विधिज्ञ संघ अधिवक्ताओं के हितों और संघ के विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। संघ की गतिविधियां न केवल पेशेवर विकास बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ी हैं। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, सुर्दशन यादव, प्रमोद कुमार सिंह, सियाराम पांडे, दिलीप कुमार सिंह, मो. अकमल हसन, विनय कुमार मिश्रा, यमुना प्रसाद सिंह, महेश प्रसाद सिंह, सतीश कुमार स्नेही, अनिल कुमार सिन्हा, चंद्रकांता कुमारी, विनय द्विवेदी, इम्तेयाज अंसारी और संजय कुमार सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 24 बोतल विदेशी शराब के साथ शराब सप्लायर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार एक्साईज पुलिस की ऑपरेशन शराब अभियान चलाया जा रहा है। तबातोड़ सभी चिन्हित शराब जोन स्थल पर छापेमारी की जा रही है। ऐसे में बुधवार की देर रात को मसौढी के कर्पूरी चौक के पास बाइक से विदेशी शराब डिलीवरी करने जा रहे हैं एक शराब सप्लायर को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि मसौढ़ी रामनगर मुख्य सड़क पर एक व्यक्ति दो पहिया वाहन के साथ 24 बोतल यानी 10.875 लीटर विदेशी लेकर जा रहा था जिसे जांच के दौरान शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम नितीश कुमार, पे0-वृजलाला कुमार, जो शिनन्दनचक, थाना-भगवानगंज, का रहने वाला है।पुरे मामले की जांच की जा रही है।

### 2000 किलो जावा महुआ नष्ट

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी थानों की पुलिस पदाधिकारी तबातोड़ ऑपरेशन देसी शराब के तहत भठ्ठी तोड़ने में लगे हुए हैं, ऐसे में गुरुवार को सीएपीएफ पुलिस फोर्स और स्थानीय पुलिस फोर्स की मदद से केवड़ा थाना क्षेत्र के कलावन चक में अवैध शराब की दर्जनों भठ्ठी ध्वस्त की गई है, जहां 2000 जावा महुआ को नष्ट किया गया है, केवड़ा ओपी के प्रभारी संतोष कुमार ने बताया की वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चुनाव को लेकर सघन रूप से शराब छापेमारी की जा रही है, दरअसल बताया जाता है कि चुनाव को शांति और निष्पक्ष रूप से कराने को लेकर सबसे पहले अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ और शराब को टारगेट करते हुए इसे ध्वस्त किया जा रहा है।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** भयमुक्त माहौल में मतदान करने को लेकर लगातार विभिन्न थाना क्षेत्र में सीएपीएफ पुलिस फोर्स के द्वारा एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च किया जा रहा है। ऐसे में गुरुवार को लहसुना थाना क्षेत्र के घोराहुआ में एरिया डोमिनेशन की गई, जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने की। वही केवड़ा ओपी क्षेत्र के पोठही में थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में स्थानीय थाना और केंद्रीय पुलिस बल के संयुक्त नेतृत्व में एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया इसके साथ ही फ्लैग मार्च के दौरान गांव में मतदाताओं से भय मुक्त माहौल में मतदान करने की अपील की गई है। इसे साथ ही उन्हें बताया गया है कि अगर कोई भी वोटिंग करने से रोकता है या डरता धमकाने का प्रयास करता है कि इसकी सूचना गुप्त रूप से स्थानीय थाने को दे सकते हैं उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक में बंद शराब को उत्पाद बलों ने किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक लग्जरी कार में बने गुप्त तहखाने से 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया है। साथ ही लग्जरी कार को जब्त करते हुए एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध एवं आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन जांच किया जा रहा है। जांच के क्रम में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में कार के डैश बोर्ड में बने तहखाने से इंपीरियल ब्लू नामक 750 एमएल वाले 72 बोतल एवं 375 एमएल वाले 9 बोतल के अलावे 180 एमएल वाले ऑफिसर चॉइस के 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया। जब्त शराब की कुल मात्रा 66.915 लीटर है। साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान नरहट थाना क्षेत्र के बभनौर गांव निवासी शंभू मिस्त्री के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व कार के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार युवक को गुरुवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव को रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर एसडीएम अभिषेक कुमार ने पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की है, जिसमें नोडल पदाधिकारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राणा रणजीत सिंह को बनाया गया है, इसे साथ ही नोडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा की प्रतिनियुक्ति की गई है, इसके साथ ही अंचलाधिकारी मसौढ़ी प्रभात रंजन, बीडीओ मसौढी प्रभाकर कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिव एवं राजस्वकर्मी को दायित्व दिया गया है। वहीं धनरूआ प्रखंड में नोडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में एसडीपीओ कन्हैया कुमार को बनाया गया है। इसके साथ ही अंचलाधिकारी धनरूआ श्वेता कुमारी, बीडीओ सीमा कुमारी, वही पुनपुन प्रखंड के लिए सीओ पुनपुन ममता कुमारी, बीडीओ उदय कुमार और कार्यपालक पदाधिकारी पुनपुन की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# चुनावी चौपाल : ग्रामीण महिलाओं ने जताई इच्छा, सुधरे शिक्षा और उनकी सुरक्षा

## 6 नवंबर को होना है चुनाव, मतदाताओं में दिख रहा उत्साह

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, प्रथम चरण में मसौढ़ी विधानसभा में आगामी 6 नवंबर को चुनाव होना है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। मतदाताओं में उत्साह दिख रहा है ऐसे में शहर की बात तो छोड़िए गांव में भी महिला मतदाताओं में उत्साह देखते बन रहा है। गांव में हुए चुनावी चौपाल में कई महिलाओं ने अपनी बात खुलकर रखी। महिला मतदाताओं ने कहा कि सरकार चाहे किसी की भी हो महिलाओं की सुरक्षा एक अहम मुद्दा होती है। आज भी महिला कई जगहों पर सुरक्षित नहीं है आए दिन कई तरह की घटनाएं सुनने को मिलती है इसलिए सरकार को सबसे पहले जिन्हें आप आधी आबादी कहते हैं जो चुनाव में निर्णायक की भूमिका में होती हैं तो महिलाओं की सुरक्षा सम्मान शिक्षा रोजगार बेहद जरूरी है। इसके अलावा महिलाओं ने विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने बिगड़ते घर का बजट से लेकर महिला सशक्तिकरण, सुरक्षित माहौल, स्वरोजगार के बढ़े अवसर, से लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। ऐसे में महिला मतदाता सुनीता देवी ने की कई योजनाओं का लाभ महिलाओं को नहीं मिल पाता है। उन्हें लाभ लेने के लिए यह ही नहीं पता होता है कि वह किस विभाग में संपर्क करे। उम्मीदवारों को महिलाओं में लिए विशेष कार्य करने चाहिए, जिससे वह समाज में आगे बढ़कर देश का प्रतिनिधित्व कर सके। वही लालची देवी ने कहा की सरकार को नारी सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की जरूरत है। महिला के साथ होने वाली घटनाओं में त्वरित कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल गिरेगा। कार्यक्रम में सोनमती देवी, सावित्री देवी, रीता देवी, समेत कई लोग शामिल रहे हैं।

# 130 लोगों के विरुद्ध गुंडा प्रस्ताव, दस के विरुद्ध लगा सीसीए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर कौआकोल पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में कौआकोल थाने की पुलिस ने अब तक 150 से अधिक लोगों पर कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार ने बताया कि अब तक दस लोगों के खिलाफ सीसीए-3 के तहत प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं 130 लोगों पर गुंडा प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा 126 बीएनएनएस के तहत 130 से अधिक लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है,जबकि 129 बीएनएनएस के तहत 10 लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है। आगामी दिनों में और भी संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था में व्यवधान डालने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गयी है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को पहले से ही रोका जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार गश्त तेज कर दी गयी है। संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की विशेष नजर है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि चुनाव को शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इधर बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड में 11 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए प्रखण्ड में 149 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोट डाले जाएंगे। जिसके लिए युद्ध स्तर पर प्रशासनिक तैयारी की जा रही है।

CMYK

# जिलाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 9 अक्टूबर 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा बिहार विधानसभा निर्वाचन-2025 की तैयारी के मद्देनजर कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा स्थित गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के चयनित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सामग्री भंडारण, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, बैरिकेटिंग, प्रतिक्षालय, पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि "डिस्पैच सेंटर निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है, जहां से मतदान कर्मियों को आवश्यक मतदान सामग्री, इवीएम एवं वीवीपैट मशीनें सुरक्षित रूप से भेजी जाती हैं।" उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा, पुलिस बल, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम तथा विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी मास्टर ट्रेनरों को का द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिलाधिकारी ने उनसे फीडबैक प्राप्त करते हुए कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन करें। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नवादा को निर्देश दिया कि डिस्पैच सेंटर परिसर में आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई एवं बैरिकेडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि मतदान सामग्रियों के प्रेषण एवं प्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील है, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कन्हाई लाल साहू कॉलेज (के.एल.एस. कॉलेज) का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना हॉल एवं स्ट्रॉन्ग रूम का विस्तृत निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी गोविंदपुर सह उप विकास आयुक्त नवादा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नवादा सह अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल नवादा, कार्यपालक अभियंता विद्युत के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के कतरीसराय थाना अंतर्गत नकटीसराय गांव में एक 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कारू चौधरी के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, दीपक रोज की तरह बुधवार रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सब कुछ सामान्य था। लेकिन अगली सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला, तो घरवालों को चिंता हुई। उन्होंने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद जब परिजनों ने कमरे के वेंटिलेटर से झांककर देखा, तो उनके होश उड़ गए। दीपक का शव पंखे के हुक से रस्सी के फंदे में झूल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही कतरीसराय थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और मॉडल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। आत्महत्या के कारणों का कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है।

## अवैध अंग्रेजी शराब की खेप जब्त, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटपुरा ग्राम के पास बिहारशरीफ-बरबीघा बाईपास पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मद्य निषेध इकाई, पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। सूचना थी कि एक सफेद रंग की कार में अंग्रेजी शराब रखकर बिहारशरीफ से बरबीघा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकटपुरा ग्राम के पास बाईपास पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान बताई गई कार को रोककर जांच की गई, जिसमें से 10 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 85.125 लीटर बताई गई है। जिसमें 375 एमएल की 113 बोतल, 750 एमएल की 57 बोतल, कुल 170 बोतल शराब बरामद की गई। गाड़ी चला रहे ड्राइवर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा शराब और वाहन को जब्त कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। छापेमारी टीम में पुअनि रौशन कुमार, रवि कुमार, खुर्शीद अंसारी, पुअनि पवन कुमार, सअनि राकेश कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि बरामद की गई शराब किसी बाहरी राज्य से लाई गई थी और आगामी चुनाव के दौरान खपत की योजना थी। जिला पुलिस प्रशासन ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताया है और कहा है कि मद्य निषेध कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य भर में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नालंदा थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील गांवों में गुरुवार को अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व नालंदा थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम मतदाताओं को निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान के लिए प्रेरित करना था। इसके साथ ही, शरारती तत्वों को यह संदेश देना था कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### शिक्षकों को मिला चुनाव ड्यूटी पत्र

**पकरीबरावां।** गुरुवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी पत्र दिया गया। शिक्षकों को पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम, मतदान पदाधिकारी द्वितीय एवं मतदान पदाधिकारी तृतीय का ड्यूटी पत्र मिला है। सभी के ड्यूटी पत्र में प्रशिक्षण तिथि अंकित है। शिक्षिकाओं को भी पत्र मिला है, उसमें प्रशिक्षण की तिथि दर्ज है।

### जबरन 21 हजार 500 कराए ट्रांसफर

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के मड़वा गांव निवासी उपेन्द्र कुमार से बदमाशों ने जबरन 21 हजार 500 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रेन से कोलकाता से घर लौट रहा था। ट्रेन से उतरते ही चार- पांच की संख्या में बदमाशों ने मोबाइल छीन कर एवं जान मारने की धमकी देकर पिन नम्बर मांगकर अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित जब सायबर थाना गया तो उसे अपने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया। उसने पकरीबरावां थाना में आवेदन दिया है।

### जिला नागरिक परिषद का गठन

**नवादा।** मंत्रिमंडल सचिवालय पटना के द्वारा 5 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर नवादा जिला के जिला नागरिक परिषद का गठन किया गया है। जिसमें प्रदेश के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री और नवादा जिला के प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार की अध्यक्षता में यह परिषद कार्य करेगी। इस परिषद में जदयू के संदीप कुमार चुन्नू को उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रमोद कुमार चुन्नू को उपाध्यक्ष, राजेंद्र नगर के इंद्रदेव प्रसाद को सदस्य, कृष्ण रानी वर्मा को सदस्य, हरि कृपाल को सदस्य, डॉक्टर सतीश कुशवाहा को सदस्य, दीपक कुमार मुन्ना को सदस्य, निजाम खान कल्लू को सदस्य, माधुरी बरनवाल को सदस्य, प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी को सदस्य, सतीश चौहान को सदस्य, बहेरा के मुकेश कुमार को सदस्य, विश्वास सिंह विश्व को सदस्य मनोनीत किया गया है। मनोनयन होने पर सदस्य एवं उपाध्यक्ष ने अपने-अपने पार्टी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर के प्रति आभार जताया है।

### प्रतियोगिता के लिए विभीषण का चयन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के सातवीं वर्ग का छात्र एवं शैला देवी तथा भगीरथ प्रसाद का पुत्र विभीषण कुमार का चयन प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 10 अक्टूबर को वह प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगा। जिलास्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन 8 अक्टूबर को नवादा में हुआ था। विभीषण का चयन कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रतियोगिता में हुआ है। उसकी सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पूर्व में भी वह प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। बताया गया कि राज्य खेल प्रतिभा खोज के अंतर्गत मशाल 2024 में सीआरसी स्तर पर विनर फुटबॉल टीम में खिलाड़ी के रूप में उसने बेहतर प्रदर्शन किया था। पीबीएल प्रोजेक्ट में सीआरसी, प्रखण्ड एवं जिला स्तर तक उसके साइंस प्रोजेक्ट का चयन हुआ। उसकी सफलता पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन, शिक्षक सुबोध कुमार, लेखापाल रविन्द्र कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर विक्रम कुमार, बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक प्रहलाद कुमार, धीरज कुमार, शिक्षिका शोभा कुमारी सहित अन्य ने खुशी का इजहार करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज

**कौआकोल।** बीते 3 अक्टूबर को खड़सारी गांव में दुर्गापूजा प्रतिमा विसर्जन मेला के दौरान मारपीट की घटना में बुरी तरह घायल हुए कुतुबचक गांव निवासी विजय महतो के पुत्र पंकज कुमार की बुधवार को हुई मौत की घटना के बाद गुरुवार को कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार ने बताया कि मृतक के पिता विजय महतो के लिखित आवेदन के आधार पर खड़सारी गांव के एक नामजद समेत चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

### बीडीओ ने प्रदान की सहायता राशि

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के कुतुबचक गांव के युवक पंकज कुमार की मेला में पिटाई के बाद मौत की घटना के बाद ग्रामीणों ने बुधवार की देर शाम सड़क जाम कर कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर कदहर नहर के पास हंगामा किया। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने काफी देर बाद समझा-बुझाकर जाम को हटवाया एवं सरकारी स्तर से हर सम्भव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में गुरुवार को बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मृतक के पिता विजय महतो को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस हजार रुपये का चेक देकर सांत्वना दिया है।

### पाण्डेयगंगौट में दो दिवसीय मड़ही मेला शुरू

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पांडेयगंगौट में गुरुवार की देर रात्रि दो दिवसीय मड़ही पूजा शुरू हो गया। प्रेम, सौहार्द व भाईचारे की प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस दो दिवसीय मड़ही पूजा में शरीक होने देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है। आयोजनकर्ता के अनुसार महान सूफी संत वारिस पाक और संत शिरोमणि पंचबदन सिंह उर्फ महंथ बाबा की पुण्यस्मृति में आयोजित होने वाले इस मड़ही पूजा में मजहबी की दीवार इस कदर टूट जाती है कि कौन हिंदू, कौन मुसलमान का भेद खत्म हो जाता है। एक ही चादर को एक तरफ हिन्दू तो एक तरफ मुस्लिम समुदाय के लोगों पकड़कर सूफी संत की समाधि पर चढ़ाते हैं। इस सैलाब में सिर्फ आस्था, श्रद्धा और समर्पण दिखता है।

### कुष्ट रोगियों की पहचान के लिए घर-घर जाकर जांच कर रही टीम

**कौआकोल।** सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर कुष्ट रोगियों के पहचान के लिए घर-घर जाकर टीम जांच कर रही है। जांच टीम के द्वारा कुष्ट रोगियों की पहचान कर सर्वे किया जा रहा है। तथा उन्हें आवश्यक सलाह दी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को राज्य निगरानी टीम के प्रतिनिधि उमेश खर्कर के नेतृत्व में टीम ने कई गांवों का दौरा कर लोगों से पूछताछ किया। मौके पर डॉ० सुभाष सिंह महतो,गायत्री कुमारी,राजेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का बड़ा माध्यम बनेगा डाक सप्ताह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मुख्य डाकघर नवादा के डाक अधीक्षक नीरज चौधरी ने कहा कि डाक सप्ताह के अवसर पर सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वे गुरुवार को नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय डाक सप्ताह में जन सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। डाकघर "सेवाओं का मॉल, सुपर मार्केट" बन गया है। बताया कि विश्व डाक दिवस 9 अक्टूबर को प्रति वर्ष विश्व डाक संगठन, जिसकी स्थापना 1874 में हुई थी, के याद में मनाया जाता है। विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि इस समारोह को मानाने का मुख्य उद्देश्य डाक सेवाओं के महत्व को आम लोगों के बीच प्रचारित-प्रसारित करना है। यूनिवर्सल डाक संग की स्थापना से वैश्विक संचार क्रांति का पदार्पण हुआ साथ ही सारे विश्व में एक-दुसरे को लिखने की क्षमता का भी विकास हुआ। विश्व डाक दिवस पर यूनिवर्सल डाक संघ युवाओं के लिए अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करता है साथ ही पत्र लेखन शब्दों का विकास, भावनाओं के आदान-प्रदान तथा लोगों के दिलों को जोड़ता है। इस अवसर पर बिहार समेत अन्य देश डाक टिकट प्रदर्शनी का भी आयोजन करते हैं। इसी क्रम में भारतीय डाक 6 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाएगा। इस डाक सप्ताह के दौरान डाक विभाग के द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य आम जनों को भारतीय डाक और इसकी नवीनतम एवं अत्याधुनिक डिजिटल सेवाओं से अवगत कराना होगा। धर्मेंद्र कुमार सहायक निदेशक ने पुनः बताया कि बदलते समय में अपनी सार्थकता बनाये रखने हेतु डाक विभाग न केवल अपनी कार्य-प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन कर रहा है अपितु ढांचागत बदलाव भी कर रहा है। शैलेंद्र पासवान एवं भूषण प्रसाद सिंह सहायक डाक अधीक्षक ने विभाग अंतरसंचालित एटीएम स्थापित करने के साथ-साथ डाकघरों में कोर बैंकिंग सुविधा प्रदान कर रहे है। जितेंद्र ने बताया कि डाकघर अब सेवा का मॉल बन गया है जैसे आधार बनवाना / सुधरवाना, पासपोर्ट बनवाना, गंगाजल, रजिस्ट्रेशन भी अब अब डाक विभाग द्वारा वितरित होता है। डाक दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।



## 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक में बंद शराब को उत्पाद बलों ने किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक लग्जरी कार में बने गुप्त तहखाने से 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया है। साथ ही लग्जरी कार को जब्त करते हुए एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन जांच किया जा रहा है। जांच के क्रम में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में कार के डैश बोर्ड में बने तहखाने से इंपीरियल ब्लू नामक 750 एमएल वाले 72 बोतल एवं 375 एमएल वाले 9 बोतल के अलावे 180 एमएल वाले ऑफिसर चॉइस के 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया।

## बैंक अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने उड़ाए 70 हजार, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने बंधन बैंक के अधिकारी बनकर एक युवक के खाते से 70,000 की रकम उड़ा ली। इस संबंध में पीड़ित पवन कुमार, पिता विनोद कुमार, निवासी मई गांव ने हिलसा थाना में आवेदन देकर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 8 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को बंधन बैंक का अधिकारी बताते हुए कहा कि उसके द्वारा 70,000 की एफडी कराई गई है, जिसकी केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद ठगों ने उसे एक एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया, जिसके माध्यम से एफडी की राशि को खाते में लाया गया। फिर ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया। कॉलर ने आश्वस्त किया कि कटे हुए पैसे 72 घंटे के भीतर वापस खाते में आ जाएंगे। निर्धारित समय के बाद भी जब राशि वापस नहीं आई तो पवन बैंक पहुंचा। वहां पता चला कि कॉल में जिस अनिल नामक अधिकारी का जिक्र किया गया था, बैंक में ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है। इसके बाद उसे ठगी की पूरी बात समझ में आई। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी स्थिति में बैंक से संबंधित ओटीपी या गोपनीय जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें, क्योंकि बैंक कभी भी फोन पर इस तरह की जानकारी नहीं मांगता।




## कौआकोल के तत्कालीन बीडीओ सुनील चांद के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए आदेश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल के तत्कालीन बीडीओ व जमुई के झाझा प्रखण्ड के वर्तमान बीडीओ सुनील कुमार चांद के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई को लेकर एक बार फिर नया आदेश जारी किया गया है। सरकार के संयुक्त सचिव मंजू प्रसाद ने बीडीओ के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग बिहार,पटना के अपर सचिव नन्दकिशोर साह को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है तथा उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त करने हेतु नवादा डीएम को निर्देश दिया गया है। वहीं तत्कालीन बीडीओ सुनील कुमार चांद को भी संकल्प की प्रति प्राप्त होने के बाद संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर साक्ष्य सहित लिखित बचाव बयान/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बता दें कि कौआकोल प्रखण्ड प्रमुख रीना राय एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार ने तत्कालीन कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चांद के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और कन्या विवाह योजना सहित कई सरकारी योजनाओं में धांधली व वित्तीय लापरवाही और सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गई थी। जिस आलोक में तत्कालीन डीएम के निर्देश पर डीडीसी एवं वरीय उप समाहर्ता के जांच के बाद डीएम द्वारा कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा गया था।

## लेटर टू रॉल मॉडल विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत नालंदा डाक मंडल द्वारा विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता तथा आधार पंजीकरण/अपडेट कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय स्तर पर "लेटर टू माई रॉल मॉडल" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने आदर्श व्यक्तित्व को पत्र के रूप में अभिव्यक्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल का विकास करना एवं डाक सेवाओं से जुड़ाव बढ़ाना था। इसके साथ ही सभी अनुमंडलों में आधार पंजीकरण एवं अपडेट कैंप लगाए गए, जिससे आम नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएँ निःशुल्क एवं सुगमता से उपलब्ध कराई जा सकीं। स्थानीय नागरिकों ने इन कैंपों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डाक अधीक्षक नालंदा मंडल ने सभी डाक कर्मियों एवं विद्यालय प्रशासन को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया तथा आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों में भी सक्रिय भागीदारी की अपील की। वहीं डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं भी फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और प्रतिदिन कम से कम एक घंटा टहलने की आदत डालें, ताकि "फिट पोस्ट फिट इंडिया" का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। इस पहल का उद्देश्य नालंदा वासियों को स्वस्थ और फिट रहने के लिए प्रेरित करना था। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि इस तरह की पहल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी एक सकारात्मक माध्यम है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण और फिटनेस के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधान डाकघर बिहारशरीफ, उपडाकघर नालंदा एवं उपडाकघर सिलाव में डाक अधीक्षक कुंदन कुमार द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।



## बिंद में स्कूल का फर्श अचानक धंसा, छात्रा घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिंद प्रखंड स्थित ताजनीपुर मध्य विद्यालय में गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विद्यालय के एक वर्ग कक्ष का फर्श अचानक तीन से चार फीट नीचे धंस गया, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में कक्षा छह की एक छात्रा घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब कक्षा में बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई कर रहे थे। तभी अचानक फर्श पांच से छह फीट लंबाई तक धंस गया। जिसमे एक छात्रा असंतुलित होकर गिर पड़ी और उसके पैर में चोट लग गई। विद्यालय की शिक्षिका संजू कुमारी ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल छात्रा को तुरंत बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## शिविर लगा कर की गई गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कौआकोल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में 100 से अधिक गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दरम्यान गर्भवती माताओं की वजन, बीपी, खून आदि की निःशुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कैंप में गर्भवती माताओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह देने के साथ ही एक माह तक के लिए दवाईयां निःशुल्क दिया गया। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती माताओं को प्रसव के दौरान निर्धारित समय पर जांच कराने, संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों के बाद चिकित्सीय सलाह लेने, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। शिविर में गर्भवती माताओं का रक्त जांच एवं पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। इसके अलावा प्रसव महिलाओं को अपने निकटतम बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया गया। ताकि प्रसव के उपरांत लाभुकों के खाते पर राशि भेजी जा सके। पीएचसी के चिकित्सकों ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र में प्रत्येक माह 9 और 21 तारीख को आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह देने के साथ ही अस्पताल से मुफ्त में दवा उपलब्ध कराये जाते हैं। मौके पर पीएचसी के चिकित्सक, एएनएम, एनम व स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।



## प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों के प्रधानों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** गुरुवार को पकरीबरावां प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक दो शिफ्टों में हुई। प्रथम शिफ्ट में प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के साथ बैठक हुई। द्वितीय शिफ्ट में मध्य विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने एक- एक कर सभी विद्यालयों के प्रधानों से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। कहा गया कि मतदान केंद्र वाले विद्यालयों में बिजली कनेक्शन जरूरी है। इसके साथ ही पेयजल, शौचालय, रैंप, व्हील चेयर, फर्नीचर आदि होनी चाहिए। विद्यालय भवन की स्थिति की भी जानकारी ली गई। बताया गया कि कोई भी कमी है तो उसे दुरुस्त कर लें। इसके लिए उपलब्ध कराए गए राशि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार के प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर, चिन्हित विद्यालय के प्राधानाध्यापक डॉ. गुलाम दस्तगीर, मध्य विद्यालय पोकसी के प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन, प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह, अजय कुमार, विनय कुमार, पुरूषोत्तम कुमार, प्रधान शिक्षक राजीव कुमार, सुग्रीब कुमार, कमलेश कुमार, बीआरसी के कर्मी विक्रम कुमार, राजकुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास स्थित चिकसौरा मोड़ के समीप 15 दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कैतीया बिगहा गांव निवासी जनार्दन प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, धर्मेंद्र 15 दिन पूर्व अपने बाइक से किसी काम से चमर बिगहा गांव गया था। वापसी के दौरान पश्चिमी बाईपास स्थित चिकसौरा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया था। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हिलसा थाना पुलिस ने शाम में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## मातृत्व शिविर में पहुंचीं 300 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 300 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर प्रभारी डीएस डॉ. परितोष कुमार के अलावे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच में चिकित्सक डॉ. इलिका भारती, डॉ. स्नेहल, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद,डॉ. बिनोद कुमार एवं डॉ. बरकत अली मौजूद रहे।चिकित्सकों द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर खून जांच के निर्देश दिए गए।साथ ही जांच रिपोर्ट आने के बाद आयरन,कैल्शियम समेत अन्य जरूरी दवाइयां दी गईं।अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार ने गर्भवती महिलाओं के लिए नाश्ता पैकेट वितरित किए।नाश्ते के पैकेट में नमकीन लिट्टी, मौसमी फल, बालूशाही, बिस्कुट और मूंगदाल शामिल थे।



इस पहल का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान करना था,जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।प्रभारी डीएस ने बताया कि प्रत्येक माह के 9 तारीख को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाता है।प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत इस तरह के आयोजनों से गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा है इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से गर्भवती महिलाओं को बहुत लाभ होता है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जा सकता है।इस दौरान जीएनएम अनिल पासवान, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार एवं परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार समेत दर्जनों जीएनएम व एएनएम छात्राएं मौजूद रहीं।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में महिलाओं के बीच जनसंपर्क अभियान

## गयाजी विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गयाजी पूर्वी महिला मोर्चा अध्यक्ष करुणा सिंह और समाजसेवी प्रभावती देवी ने गयाजी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में महिलाओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान करुणा सिंह ने बागेश्वरी गुमटी देवी स्थान, बैरागी, भैरव स्थान सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं से मुलाकात की और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गरीब परिवारों की माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है जबकि जन-धन योजना ने करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। राज्य सरकार की योजनाओं – मुख्यमंत्री महिला रोजगार, नारी शक्ति, कन्या उत्थान, साइकिल और पोशाक योजना ने महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के नए अवसर दिए हैं। करुणा सिंह ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है और सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अभियान के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। आने वाले समय में और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में निर्मला मिश्रा, नीलम मिश्रा, मालती देवी, गुलाबी देवी, विमला सिंह, अनुराधा कुमारी, ममता देवी और सविता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मगध विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग और परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग और मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार तथा दाउदनगर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीनिवास शामिल थे। परिणामों के अनुसार प्रथम स्थान अंकित कुमार पाठक (दाउदनगर कॉलेज), द्वितीय स्थान निकिता नंदिनी (फिजियोथेरैपी विभाग, मगध विश्वविद्यालय) और तृतीय स्थान गुड़िया कुमारी (दाउदनगर कॉलेज) ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमालय तिवारी ने किया जबकि आयोजन की जिम्मेदारी डॉ. श्वेता गोयल और आलोक रंजन ने निभाई। इस अवसर पर प्रो. सुनीति सुमन, प्रो. सुप्रिति सुमन, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. प्रगति, डॉ. रविन्द्र सिंह और डॉ. प्रभात रंजन उपस्थित रहे। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीति सुमन ने विद्यार्थियों के उत्साह और बौद्धिक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आत्मविश्वास विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा का संकल्प पत्र होगा जनभावनाओं का प्रतिबिंब : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी बिहार ने जनता की भावनाओं और आकांक्षाओं को सीधे जानने के लिए 'सुझाव अभियान' की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य जनता के सुझावों के आधार पर पार्टी का घोषणापत्र – संकल्प पत्र – तैयार करना है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि यह विशेष अभियान 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक पूरे बिहार में चलाया जा रहा है। इस दौरान भाजपा संगठन एक करोड़ से अधिक लोगों से सुझाव एकत्रित करेगा। आम नागरिक अपनी राय और अपेक्षाएं सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर या डिजिटल फॉर्म के माध्यम से साझा कर सकते हैं। इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने एक मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक संभाग में विभिन्न वर्गों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें उद्योगपति, स्टार्टअप फाउंडर, प्रबुद्ध वर्ग, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थी, युवा, स्वयं सहायता समूह, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मखाना और लीची किसान, सरकारी कर्मचारी, शिक्षामित्र, विकास मित्र और अन्य यूनियनों के साथ संवाद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त किसान, ईबीसी और ओबीसी समुदायों के साथ मंडल स्तर पर सम्मेलन और 50 से अधिक जाति एवं व्यवसाय आधारित बैठकों का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर तीन दिवसीय घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। ताकि समाज के हर वर्ग की आकांक्षाएं भाजपा के संकल्प पत्र में प्रतिबिंबित हो सके। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भाजपा का यह प्रयास लोकतांत्रिक भावना को सशक्त करेगा और बिहार के विकास का खाका जनता की भागीदारी से तैयार किया जाएगा।

## कठपुतली के माध्यम से छात्राओं ने समझाया पोषण और मानसिक स्वास्थ्य का अनोखा संबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी और इनर व्हील क्लब सनराइज गया के संयुक्त तत्वावधान में 'आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और पोषण के बीच गहरे संबंध को समझाना तथा संकट की परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. काव्या कया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदाएं केवल बाहरी या भौतिक नुकसान नहीं पहुंचातीं, बल्कि व्यक्ति के आत्मविश्वास और मानसिक स्थिरता पर गहरा असर डालती हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं को नजरअंदाज न करें, बल्कि समय पर उचित परामर्श और सहयोग प्राप्त करें। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कठपुतली नाटक। छात्राओं ने 'पोषण और मानसिक स्वास्थ्य' के संबंध को रचनात्मक और जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने बताया कि संतुलित आहार न केवल शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच को भी प्रभावित करता है। इस अनोखे प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों से खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब सनराइज गया की अध्यक्ष निभा जायान और डॉक्टर लवली विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अब भी कई भ्रांतियां हैं जिन्हें शिक्षा और संवाद के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं के कठपुतली प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। गृहविज्ञान विभाग की सभी शिक्षिकाएं, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित कई प्रश्न पूछे जिनका डॉ. काव्या ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। इस संवाद ने विद्यार्थियों को मानसिक संतुलन और सही आहार के महत्व के प्रति और अधिक जागरूक किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में आपदा जैसी परिस्थितियों में मानसिक दृढ़ता बनाए रखने, तनाव और चिंता से निपटने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाई।

## भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा के पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा, गया (पूर्वी) द्वारा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। इसी क्रम में गुरुवार को ज़िला महामंत्री आदित्य वर्द्धन एवं सागर सचदेवा ने गया शहर के नौवागढ़ी क्षेत्र में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के गणमान्य सदस्यों से मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश से पधारे विस्तारक संजय बाराडे ने भी उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने राष्ट्रहित एवं संगठन सशक्तिकरण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग से भाजपा के पक्ष में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## खाकी वर्दी और हथियार के साथ महिला का फोटो वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में सोशल मीडिया पर खाकी वर्दी और हथियार के साथ फोटो वायरल होने पर पुलिस ने ललिता देवी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार की सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसंडा से वजीरगंज कैंप डीएसपी सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि फोटो वायरल होने के बाद एसएसपी के निर्देश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए छानबीन शुरू की गई थी। पकड़ी गई महिला से पूछताछ जारी है। सूत्रों ने बताया कि वह अपने काले कारनामे का एक-एक करके खुलासा कर रही है। उसके संपर्क में कई बड़े लोग हैं।

## मगध विश्वविद्यालय में भव्य सांस्कृतिक संध्या, डिंपल भूमि की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा गुरुवार को बुद्धा रिसॉर्ट में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका डिंपल भूमि ने गजल, लोकगीत और फिल्मी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगीत, ताल और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, कुलसचिव प्रो. बी.के. मंगलम और अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) प्रो. बृजेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि यह सांस्कृतिक संध्या विश्वविद्यालय की जीवंतता, एकता और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर केंद्रित है जिसमें कला, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का समावेश हो। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत बनाती हैं। कुलसचिव प्रो. बी.के. मंगलम ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की हालिया शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों को रेखांकित करने का माध्यम है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक गौरव का उत्सव बताया। अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) प्रो. बृजेश कुमार राय ने कहा कि ऐसी प्रस्तुतियां छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करती हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह, विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्रों की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संपूर्ण आयोजन ने विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि, सामूहिक उत्साह और रचनात्मक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन किया – जहां संगीत और भावना ने मिलकर विश्वविद्यालय समुदाय को एक सूत्र में बांध दिया।

## निर्वाचन को पारदर्शी व स्वच्छ बनाने को लेकर 18 कोषांगों का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** विधानसभा निर्वाचन को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अनुमण्डल कार्यालय में विभिन्न कोषांग का गठन कर क्रियाशील कर दिया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह टिकारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन के आदेश से कोषांग का गठन कर नोडल पदाधिकारी व सहायक कर्मी की प्रतिनियुक्ति करते हुए कर्तव्य का विस्तृत वर्णन कर कर्तव्य का पालन करने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार निर्वाचन को पारदर्शी व स्वच्छ आयोजन को लेकर कुल अठारह कोषांग का गठन किया गया है। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नामांकन प्रपत्र कोषांग, नाम निर्देशन कोषांग, एकल खिड़की कोषांग, कार्मिक सामग्री कोषांग, ईवीएम वीवीपैट कोषांग, वाहन कोषांग, आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग, स्वीप कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, सीपीएमपी कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, आईटी कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, कम्युनिकेशन प्लान सह शिकायत कोषांग, मीडिया प्रमाणन कोषांग, निर्वाचन कोषांग, अनुमण्डलीय नियंत्रण कोषांग व पीडब्ल्यूडी कोषांग का गठन किया गया है। गठित कोषांग में अनुमण्डल के सभी चारों प्रखण्ड के अधिकारियों व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में टिकारी बीडीओ योगेंद्र पासवान, कोंच बीडीओ विपुल भारद्वाज, टिकारी सीओ मयंक शेखर, कोंच सीओ मुकेश कुमार, नप ईओ राजेश झा व नप जेई अंजनी कुमार को नामित किया गया है।

**रैली व अन्य आयोजनों के लिए सिंगल विंडो से लेना होगा आदेश**

आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों को रैली व अन्य आयोजनों के लिए सिंगल विंडो में आवेदन देकर आदेश लेना आवश्यक है। बिना अनुमति के आयोजन पर कार्रवाई की जाएगी। सिंगल विंडो यानी एकल खिड़की की कमान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार झा व कार्यपालक दंडाधिकारी प्रतीक आनंद को दिया गया है।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** आमस थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद शमीम के रूप में की गई है जो स्थानीय निवासी थे और घर-घर जाकर दूध सप्लाई करने का कार्य करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार को कुचलते हुए आगे खड़ी गाड़ियों में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान वहां मौजूद गैरेज में काम कर रहे संचालक सुनील विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ट्रक चालक और उसका सहयोगी (खलासी) भी इस हादसे में घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और दोषी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही आमस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटाया गया जिससे आवागमन बहाल हो सका।

## एक नजर

### स्कूल बस से खींचकर ड्राइवर को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में गुरुवार को स्कूल बस के ड्राइवर को गाड़ी से खींचकर बाइक सवार 2 अपराधियों ने गोली मार दी। बुलेट सीने में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना भदवर थाना क्षेत्र के बिशनपुर-रामदोहर मुख्य मार्ग की है। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि एक दिन पहले जान से मारने की धमकी मिली थी। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम देने की आशंका। मौके से एक कट्टा और खोखा मिला है। वारदात के समय बस में बच्चे मौजूद थे। अपराधियों ने बस से खींचकर ड्राइवर को पीछे ले जाकर गोली मारी है। स्कूल बस में सवार बच्चे काफी डरे सहमे थे। सभी को घर भेज दिया गया है। घायल की पहचान सेवरा पंचायत अंतर्गत बिकुआ कला के पिपरा टोला निवासी टनटन कुमार (30) के तौर पर हुई है। हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एडमिट कराया गया है। टनटन कुमार दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीगंज की बस चलाते थे। रोज की तरह सुबह बिशनपुर गांव से बच्चों को लेकर लेकर रानीगंज जा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार 2 अपराधियों ने ओवरटेक करके बस को रामदोहर ईंट भट्ठे के पास रुकवाया। ड्राइवर को गाली देने लगे। गाड़ी की चाबी छीन लिया। गाली गलौज करते हुए बस से जबरन नीचे उतारा। पीछे ले जाकर सीने में गोली मार गिराया।

### शराब बेचते ओर पीते तीन गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के बलिया -असनी गांव के बीच नवनिर्मित भारत माला सड़क पर दारोगा ओम प्रकाश सिंह ने गुप्त सूचना पर मिथलेश यादव पिता शिवशंकर यादव, चंद्रदेव यादव पिता स्वर्गीय रामेश्वर यादव, सतेंद्र पासवान पिता चरितर पासवान सभी निवासी ग्राम -फेसरा थाना -गुरूआ जिला -गया को आठ लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। मिथलेश यादव ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैं बेच रहा था और अन्य दोनों पी रहे थे। गुरूवार को थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने तीनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि उसी स्थान पर मंगलवार की शाम को असनी गांव के ही एक सीएसपी संचालक से अज्ञात लुटेरों ने चार लाख रूपए हथियार के बल पर लूट लिया था।

### दुकानदार लापता, थाने में शिकायत दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के मलह बिगहा गांव से 52 वर्षीय किराना दुकानदार बीते तीन दिनों से लापता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलह बिगहा गांव में पिछले दस वर्षों से किराना दुकान चला रहे सत्येंद्र प्रसाद, मूल निवासी निजामपुर (थाना कुर्था, जिला अरवल), 7 अक्टूबर से लापता हैं। उनके पुत्र रंजन कुमार ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि 7 अक्टूबर को उनके पिता ने फोन कर उन्हें डेरा पर बुलाया था जब वे पहुंचे तो पिता ने उन्हें दुकान पर बैठने को कहा और यह कहकर निकल गए कि थोड़ी देर में आते हैं। इसके बाद से वे वापस नहीं लौटे। परिजनों और ग्रामीणों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि वादी के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दी विदाई, नये का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दी गयी विदाई, नए का स्वागत किया गया। आगे बताते चलें कि गुरुवार को डोभी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अमितेश कुमार का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण कुमार और अंचल अधिकारी परीक्षित कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण कुमार ने कहा कि अमितेश कुमार का कार्यकाल सकारात्मक रहा और उन्होंने अपने कार्यों को पारदर्शी तरीके से किया। अंचल अधिकारी परीक्षित कुमार ने भी उनके सरल स्वभाव की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नए बीपीआरओ अमित कुमार को माला और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुराने और नए पदाधिकारियों के बीच गर्मजोशी भरा माहौल देखने को मिला। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित लोगों के बीच भावुक माहौल भी देखने को मिला। अमितेश कुमार के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को याद करते हुए लोगों ने उनके साथ बिताए गए समय को याद किया। इस अवसर पर डोभी प्रखंड के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध कोयला लदा हाइवा ट्रक जब्त, चालक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** गयाजी जिला के डोभी-चतरा मुख्य सड़क मार्ग मे धीरजा पुल के पास से बहेरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए धीरजा पुल के समीप एक अवैध कोयला लदे हाइवा ट्रक को जब्त किया है। इस मामले की पुष्टि बहेरा थाना अध्यक्ष ने करते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के धीरजापुल के समीप एक अवैध कोयला लदे हाइवा ट्रक को जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को देखते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले आई है। इस संबंध में अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बहेरा थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध पुलिस की सख्त निगरानी जारी है। ऐसे मामलों में शामिल व्यक्तियों को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** गयाजी जिला के बहेरा थाना अंतर्गत सुगासोत, गाजीचक मोड़ के समीप बहेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस मामले की पुष्टि बहेरा थाना अध्यक्ष ने करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के गाजीचक मोड़ के पास से अवैध बालू परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़ा। अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।


**मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, गया**

COMFED

म०:दु० सं. गया: विपणन: 2420 दिनांक: 9/10/25

**आवश्यक-सूचना**

सूचित करना है कि विज्ञापन-निविदा-पत्रांक: 2316 दिनांक 24.09.2025 के आलोक में मगध दुग्ध, गया डेयरी अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों / एरिया में वितरण नियुक्ति हेतु निविदा प्रकाशित की गई थी। उक्त निविदा के अंतर्गत गया (पथ का नाम क्रम सं० 01) (दाउदनगर गोह-जम्होर) के लिए प्रकाशित विवरण में आंशिक संशोधन किया गया है।

क्रम संख्या 01 के लिए पूर्व में 01 गाड़ी (3000 ली० क्षमता, Tata 407 अंकित थी जिसे संशोधित कर अब 01 गाड़ी 1500 ली० क्षमता, (Tata Picup/Yodha या समकक्ष) एवं शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio या समकक्ष कर दिया गया है।

प्रबंध निदेशक

Sudha PRIDE OF BIHAR

गया डेयरी, कटारी हिल रोड, गया-823001

Phone-0631-2221086, 2222005, Fax-0631-2226379

E-mail : magadh.milkunion@gmail.com, gayadairygaya@yahoo.com

संपादकीय

# सीजेआई पर हमला अस्वीकार्य है

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस बी.आर. गवई पर कोर्ट के ही एक वरिष्ठ वकील द्वारा जूता फेंककर हमला करने की कोशिश की सर्वथा निंदनीय और अस्वीकार्य है। बताया जाता है कि हमलावर वकील जस्टिस गवई द्वारा सनातन धर्म को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों से नाराज था। लेकिन जो हरकत उसने की है, उससे न केवल जस्टिस बल्कि समूची न्यायपालिका की छवि पर बट्टा लगा है। हालांकि इस अशोभनीय कृत्य के बाद जस्टिस गवई ने आरोपी को माफ कर दिया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का मन बना लिया है, वो ठीक भी है। ऐसी हरकतों को प्रश्रय नहीं दिया जाना चाहिए। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्य न्यायाधिपति से बात की और उनके धैर्य की प्रशंसा की। पीएम ने इसे अत्यंत निंदनीय कृत्य बताकर उसकी भर्त्सना की। जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक घटना उस समय हुई जब मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ मामलों की सुनवाई कर रही थी। हमलावर वकील मंच के पास गया और अपना जूता निकालकर न्यायाधीश पर फेंकने का प्रयास किया। आरोपी वकील राकेश किशोर पहले अपना जूता फेंका और हाथ उठाकर बताया कि जूता उसने फेंका है। लेकिन जूता चीफ़ जस्टिस और जस्टिस चंद्रन के पीछे जाकर गिरा। तब हमलावर ने माफी मांगते हुए कहा कि उसने सिर्फ़ चीफ़ जस्टिस को निशाना बनाया था। बाद उसको कोर्ट रूम सिक्योरिटी ने डीटेन कर लिया। इस अप्रत्याशित घटना के उपरांत चीफ़ जस्टिस ने वकीलों से कहा कि वो इस घटना से विचलित हुए बिना बहस जारी रखें। एक अखबार के अनुसार आरोपी वकील ने कोर्ट नंबर 1 में कार्यवाही के दौरान सुबह करीब 11:35 बजे अपने स्पोर्ट्स शूज़ निकाले और सीजेआई गवई पर फेंक दिए। लेकिन उन दो मिनटों में जो हुआ, उसने सभी को भौंचक्का कर दिया, क्योंकि कोर्ट और खास तौर पर सुप्रीम कोर्ट का अपना डेकोरम और शिष्टाचार होता है। बेशक कोर्ट में वादी प्रतिवादी मुकदमा लड़ते हैं, लेकिन वह कानूनी लड़ाई होती हैं। वहां इस तरह मारपीट और वो भी जज के खिलाफ बिल्कुल असामान्य बात है। हमले के बाद बाहर निकालने के दौरान वो वकील चिल्लाता रहा कि सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। इस घटना के बाद एक बयान में आरोपी ने कहा कि उसे अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है। उसने जो किया, वह दैवी शक्ति ने उससे कराया। उधर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीओएआरए) और कांग्रेस पार्टी ने हमले की निंदा की है। हमलावर वकील राकेश किशोर को बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया ने तत्काल निलंबित कर दिया है। यह जानकारी भी सामने आई है कि हमलावर वकील 2011 से सुप्रीम कोर्ट बार का है। उसने पिछले दिनों सीजेआई की ओर से भगवान विष्णु पर किए गए कमेंट से आहत होकर उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। यह भी सही है कि खजुराहो के जिस मंदिर में विष्णु की खंडित मूर्ति को नवीनीकृत लगाने सम्बंधी जिस याचिका पर सीजेआई ने जो टिप्पणी की थी, वह भी अनावश्यक थी। वह यहकर भी याचिका खारिज कर सकते थे कि यह मामला एएसआई से सम्बंधित अदालत इस मामले में दखल नहीं दे सकती। लेकिन उन्होंने भगवान विष्णु और सनातन धर्म को लेकर बेवजह टिप्पणियां कीं, जिससे देश में गलत संदेश गया। हालांकि बाद में सीजेआई ने उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और कहा कि वो सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। लेकिन लगता है कि आरोपी वकील के मन में कुछ और ही चल रहा था। उसके निजी विचार कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मंदिर की मूर्ति की वजह से न्याय के मंदिर को जूता फेंककर अपवित्र किया जाए।

# मतदान-महादान : सफल लोकतंत्र की बुनियाद है मतदान



**डॉ. नीतू कुमारी नवगीत**

बिहार को लोकतंत्र की जननी माना जाता है।वज्जि संघ से जिस व्यवस्था की शुरुआत हुई, वह सारी दुनिया में शासन की सबसे विश्वसनीय व्यवस्था साबित हुई । बिहार एक बार फिर अपने सबसे मौलिक संवैधानिक अधिकार 'मतदान के अधिकार' का प्रयोग करने जा रहा है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश की विशिष्ट पहचान है। हर बार जब चुनाव होते हैं—चाहे संसद के हों, राज्य विधानसभा के हों या स्थानीय निकायों के, लोकतंत्र की भागीदारी की ऊर्जा फिर से जीवंत हो उठती है।

जैसे-जैसे बिहार 2025 के विधानसभा चुनावों की ओर बढ़ रहा है, राज्य के लोग एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। यह केवल सीटों की लड़ाई नहीं है; बल्कि शासन, विकास और जन-जवाबदेही की दिशा तय करने का अवसर है। वह भी ऐसे राज्य में जो भारत के सबसे ऊर्जावान और युवा राज्यों में से एक है।

हमारे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में हर व्यक्ति का वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की कई विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर कुछ सौ मतों का ही रहा है। हर नागरिक की भागीदारी से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष, सशक्त और विश्वसनीय बनती है।

भारत के चुनाव आयोग ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 दो चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 6 नवंबर 2025 को, जबकि शेष 122 सीटों पर 11 नवंबर 2025 को मतदान होगा। यह महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया 14 नवंबर 2025 को संपन्न होगी। इस दौरान 7.4 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलेगा, जिससे न केवल राज्य का भविष्य तय होगा बल्कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता और जीवंतता भी सुनिश्चित होगी।

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्डक्र) किया है। यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक योग्य नागरिक, चाहे वह किसी भी लिंग, क्षेत्र या सामाजिक पृष्ठभूमि से हो, अपने मताधिकार का निष्पक्ष रूप से प्रयोग कर सकें। निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन के रूप में सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि वे मतदान दिवस से पहले वोटर हेल्पलाइन ऐप (ड्ढ्वथ्ल्ड्डद्ध ।।द्गद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग.श्चश्च) या नेशनल वोटर्स पोर्टल (ह्ड्डस्क्र) पर अपनी जानकारी अवश्य जांच लें।

***मतदान में भागीदारी है भारतीय लोकतंत्र की धड़कन***

भारत के लोकतंत्र की मजबूती केवल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या से नहीं, बल्कि उन लोगों की संख्या से मापी जाती है जो वास्तव में मतदान करने आते हैं। 2019 के आम चुनाव ऐतिहासिक रहे, क्योंकि उस समय भारत ने 67.4त्न की दर से रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया था। वहीं 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 57त्न मतदान हुआ, जो उत्साहजनक और भविष्य में अधिक भागीदारी के संकेत देने वाला रहा।

मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक कर्तव्य भी है। यह केवल कानूनी ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। जब भी कोई नागरिक मतदान करने का निर्णय लेता है, वह लोकतांत्रिक भावना को दोहराता है और निर्णय-प्रक्रिया में अपनी हिस्सेदारी निभाता है। इसके विपरीत, न डाला गया हर वोट एक गंवाया हुआ अवसर है। ऐसी आवाज़ जो उस व्यवस्था में कभी नहीं सुनी जाती, जो हर आवाज़ को सुनने के लिए बनी है !

हम सबको लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी आवाज बुलंद करनी है।

एक वोट का महत्व बहुत अधिक है। भारत में कई बार ऐसे उदाहरण देखे गए हैं, जब कुछ ही वोटों ने पूरे निर्वाचन क्षेत्र का नतीजा बदल दिया – और कई बार तो सरकार के गठन को भी प्रभावित किया।

कल्पना कीजिए, किसी निर्वाचन क्षेत्र में दो उम्मीदवारों के बीच केवल 200 वोटों का अंतर है। यही छोटा सा अंतर तय कर सकता है कि कौन उम्मीदवार जीतेगा, कौन-सी नीतियां लागू होंगी, और किस प्रकार की सरकार बनेगी। लोकतंत्र की असली ताकत उस एक परिवार या व्यक्ति में निहित है जो मतदान करने का निर्णय लेता है।

बिहार, अन्य भारतीय राज्यों की तरह, हाल के वर्षों में कड़े चुनावी मुकाबलों का साक्षी रहा है। यहां मतदाताओं की भागीदारी का सीधा प्रभाव विकास की प्राथमिकताओं, बजट आवंटन और स्थानीय विकास पर पड़ता है। यदि नागरिक बड़ी संख्या में मतदान करेंगे, तो यह सुनिश्चित होगा कि बनने वाली सरकार वास्तव में जनता की इच्छा को प्रतिबिंबित करे।

***आपके लिए आपके मतदान का महत्व***

मतदान केवल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर बटन दबा नहीं है, यह आपकी आवाज, चयन, और लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता की घोषणा है। हर वोट में यह ताकत होती है कि वह सरकार की दिशा और राष्ट्र के भविष्य को प्रभावित कर सके।

यह सशक्तिकरण का प्रतीक है, क्योंकि हर वोट यह संदेश देता है कि हर नागरिक महत्वपूर्ण है। उसकी राय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कल्याण जैसी नीतियों को दिशा देती है। मतदान करके नागरिक महसूस करते हैं कि वे न केवल इस देश के मालिक हैं, बल्कि उसके निर्णयों में भागीदार भी हैं।

उत्तरदायित्व भी मतदान का स्वाभाविक परिणाम है, क्योंकि जब अधिक संख्या में नागरिक मतदान करते हैं, तो जनप्रतिनिधियों को यह अहसास रहता है कि उनके कार्यों और प्रदर्शन पर सजग और सक्रिय मतदाताओं की नजर है।

लोकतंत्र के मूल में मतदान एक समानता का कार्य है। मतदान लोकतंत्र की धड़कन है। यह हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी वर्ग, जाति या पृष्ठभूमि से हो, समान अधिकार देता है कि वह भविष्य की दिशा तय करने में समान रूप से भाग ले सके।

उच्च मतदान की प्रतिशतता विकास की निरंतरता को बढ़ावा देता है, इसका मतलब यह है कि सरकार की नीतियाँ नागरिकों की चिंताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती हैं, विशेषकर उन मुद्दों में जो उच्च प्राथमिकता के हैं, जैसे बुनियादी ढांचा, महिला सुरक्षा, शिक्षा, और रोजगार।

अंततः, मतदान की प्रक्रिया एक प्रभावी राष्ट्र-निर्माण का साधन है, जो लोकतंत्र को सुदृढ़ करती है, पारदर्शिता को बढ़ाती है और ऐसी शासन व्यवस्था निर्मित करती है जो वास्तव में भारतीय नागरिकों की सामूहिक इच्छा को दर्शाती है।

***पीछे न छूटे कोई मतदाता***

चुनाव आयोग के सतत प्रयासों के माध्यम से मतदान सभी नागरिकों के लिए सुलभ और समावेशी बन गया है। आयोग अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) के जरिए जागरूकता पैदा करता है कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं द्वारा मतदान और भागीदारी करना कितना आवश्यक है। यह अभियान स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थल और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचता है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जाता है और युवा पीढ़ी को यह समझने में मदद की जाती है कि देश के भविष्य में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं। इसी तरह, महिला मतदाताओं को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और सशक्त महसूस कराने पर जोर दिया जाता है, ताकि वे बिना किसी रोक-टोक के मतदान कर सकें।

आयोग विकलांग नागरिकों के लिए भी समावेशिता सुनिश्चित करता है, जैसे कि मतदान केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था, ब्रेल से सुसज्जित ईवीएम, और डाक मतपत्र उपलब्ध कराना। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, कुछ विशेष परिस्थितियों में घर पर मतदान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, ताकि प्रक्रिया आसान हो सके। इन सभी पहलों का मूल लक्ष्य सरल लेकिन शक्तिशाली है– कोई मतदाता पीछे न छूटे।

***युवा मतदाता, बड़ी ताकत– बिहार का भविष्य***

भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है। भारत की कुल आबादी में से 65 प्रतिशत से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं, और बिहार भारत के सबसे युवा राज्यों में से एक है। युवा मतदाता परिवर्तन, नवाचार और जीवंतता के प्रेरक होते हैं।

युवा नीति निर्धारण की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जो उनके जीवन को प्रभावित करती है—चाहे वह शिक्षा सुधार हो, रोजगार के अवसर, जलवायु परिवर्तन, या डिजिटलीकरण। प्रत्येक छात्र मतदाता भी लोकतंत्र को अधिक जिम्मेदार और बेहतर बनाने में योगदान देता है।

***जागरूक और नैतिक मतदान की शक्ति***

लोकतंत्र केवल भागीदारी से नहीं, बल्कि सूचित भागीदारी से फलता-फूलता है। मतदाताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि वे मतदान से पहले उम्मीदवारों, उनकी योग्यताओं और घोषणापत्रों की जानकारी प्राप्त करें।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है मतदान की नैतिकता–मतदान बिना किसी पक्षपात, प्रलोभन या दबाव के किया जाना चाहिए। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हर नागरिक की ईमानदारी पर निर्भर करता है। जब मतदाता सचेत और जागरूक होकर अपने अधिकारों का प्रयोग करते हैं, तब लोकतंत्र केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्य बन जाता है।

***मतदान दिवस –लोकतंत्र का उत्सव***

भारत में सभी चुनावों को लोकतंत्र का उत्सव कहा गया है। यह जनता की सामूहिक इच्छा का उत्सव है, क्योंकि नागरिक अपने भविष्य के बारे में निर्णय ले रहे होते हैं।

मतदान दिवस पर करोड़ों मतदाता, मतदान अधिकारी, सुरक्षा कर्मचारी और स्वयंसेवक मिलकर सुचारू, पारदर्शी और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर बिहार के गाँवों तक, हर मतदान केंद्र लोकतांत्रिक भारत की एक मिसाल बन जाता है।

चुनाव आयोग निष्पक्ष, समावेशी और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो भारत में चुनावी प्रक्रियाओं में वैश्विक विश्वास को भी पुनः पुष्टि करता है।

***मतदान राष्ट्र के प्रति कर्तव्य***

मतदान केवल एक अधिकार नहीं है, बल्कि अपने समुदाय और अपने राष्ट्र के प्रति एक कर्तव्य भी है। हर नागरिक के मतदान करने से लोकतंत्र की नींव और मजबूत होती है।

इतनी बड़ी संख्या में आपकी भागीदारी यह मजबूत संदेश देती है कि भारत में लोकतंत्र मृत, कमजोर या निष्क्रिय नहीं है। अपने मित्रों, परिवार और सहकर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करके, आप उस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं जो लोकतंत्र को सजीव और समावेशी बनाए रखता है।

***एक राष्ट्र, एक आवाज, एक वोट***

भारत का लोकतंत्र अपनी विशालता, पारदर्शिता और समावेशिता के कारण पूरी दुनिया में सराहा गया है। इसकी असली ताकत इसके नागरिकों की भागीदारी में निहित है।

जैसे-जैसे बिहार अपने 2025 विधानसभा चुनावों के लिए तैयार हो रहा है, प्रत्येक नागरिक का वोट भारतीय लोकतंत्र की व्यापक कहानी में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय निभाएगा। यह कहानी है विविधता में एकता, निर्णयों में समानता, और भागीदारी में शक्ति की।

हर बार जब आप मतदान करते हैं, आप केवल एक प्रतिनिधि का चुनाव नहीं कर रहे होते, बल्कि राज्य और देश के भविष्य को आकार दे रहे होते हैं। एक वोट शायद छोटा लगे, लेकिन जब यह करोड़ों वोटों में बदल जाता है, तो यह पूरे राष्ट्र का आंदोलन बन जाता है।

जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में फिर से मतदान और रंगे हुए अंगुलियों के साथ उत्साह देखने को मिलता है, तो याद रखें– आपका वोट आपकी आवाज है। आपकी आवाज़ आपकी ताकत है। इसे समझदारी से इस्तेमाल करें। गौरव के साथ भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं !

**( लेखिका प्रख्यात लोकगायिका एवं पटना जिला मतदाता जागरूकता आइकन , चुनाव आयोग हैं )**

# जहरीली दवा बनी अभिशाप

**मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है।**

**प्रमोद भार्गव**

मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके,उन्हें फ़िलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है।

इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्श 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी



एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है।

इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा कारोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर जरुरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं।

विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो उसके तईं जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन देखते-देखते भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है।

ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। साथ ही सरकार ने यह हिदायत भी दी थी कि यदि कंपनियां इस अवैध गोरखधंधे पर अंकुश नहीं लगातीं तो सरकार को इस बाबत कड़ा कानून लाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। लेकिन सरकारी चेतावनी की परवाह किए बिना दवा कंपनियों का संघ जो नई आचार संहिता सामने लाया, उसमें उपहार के रूप में लाभ देने का केवल तरीका बदला गया। मसलन तोहफों का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा। संहिता में केवल दवा निर्माताओं से उम्मीद जताई गई है कि वे चिकित्सकों को टीवी, फ्रिज, एसी, लैपटॉप, सीडी, डीवीडी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व नकद राशि नहीं देंगे। लेकिन वैज्ञानिक सम्मेलन, कार्यशालाओं और परिचर्चाओं के बहाने उपहार देने का सिलसिला और चिकित्सकों की विदेश यात्राएं जारी रहेंगी। जाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि भारत में बनने वाली दवाएं करीब 35 प्रतिशत नकली होती हैं। एसौचैम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ**
पुराने मित्रों के साथ मुलाकात होने से तरोताजा हो जायेंगे। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। आपके आत्मबल में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आप नये विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाओं के अनुसार कार्य पूर्ण हो जायेंगे। पारिवारिक मामलों को शान्तिपूर्वक निपटायें। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा।

**कर्क**
जीवनसाथी को आज आप पर्याप्त समय देंगे। जिससे आपके निजी सम्बन्ध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं। कम मेहनत के बावजूद आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में विवाद होने की सम्भावना है। किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न होगी। अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें।

**कन्या**
आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है। घर के बुजुर्गों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं। लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में आप हाथ बटायेंगे। लोहे के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें वरना चोट लग सकती है।

**धनु**
जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम-सम्बन्धों को लेकर कुछ तनाव रहने की सम्भावना है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। कारोबार में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन कमजोर रहेगा।

**कुंभ**
आज सुबह आपकी मन:स्थिति थोड़ी नकारात्मक रहने वाली है। ड्डब्र फील्ड से जुड़े लोगों को नयी कम्पनी में जॉब मिल सकती है। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी।


**मीन**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

# चुनाव को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

## डीएम ने सभी कोषांगों के साथ की बैठक, प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार की देर शाम जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में सभी कोषांगों की बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों से चल रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही प्रत्येक दिन कोषांग में किए जा रहे कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। परिवहन पदाधिकारी को चुनाव कार्य हेतु वाहनों का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस जिस विभाग कोषांग को वाहनों की आवश्यकता हो, उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी



विधानसभा चुनाव

पदाधिकारों को सोशल मीडिया पर नजर रखने का निर्देश दिया, किसी भी प्रकार के नकारात्मक खबर फैलाने वाले को चिन्हित कर कारवाई करने तथा खंडन करने का भी निर्देश दिया गया। ईवीएम, वीवी पैट की कमिश्निंग एवं डिस्पैच हेतु सभी सात विधान सभा में स्थान चिन्हित कर लिया गया है। सभी निर्वाची पदाधिकारी को चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में काफी कम समय बचा है। इसलिए सभी नोडल पदाधिकारी अपने अपने कोषांग का कार्य समय पर निष्पादित करें। और संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दें। चुनाव के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चुनाव को स्वच्छ और निश्पक्ष बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा कई अन्य निर्देश भी बैठक में दिये गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम, सहित सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला अंतर्गत बीपी प्लस टू हाई स्कूल एवं एमआरजेडी कॉलेज में सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिहार विधान सभा की तैयारी को लेकर सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं मतदान कर्मी का प्रशिक्षण प्रत्येक दिन जारी है। इसके साथ ही इवीएम पर मॉकड्रिल कराकर भी यह सुनिश्चि किया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन किन्हीं को कोई परेशानी न हो। 9 अक्टूबर को दोनों विद्यालयों में 2400 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले सेक्टर पदाधिकारी एवं मतदान कर्मी पर कारवाई करने की भी बात कहीं है। साथ ही प्रशिक्षण स्थल पर लेट से आने वाले पर भी कार्रवाई करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके साथ ही बेगूसराय जिले में सभी विभागों द्वारा स्वीप के माध्यम से प्रत्येक दिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को आईसीडीएस विभाग एवं खेल विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार जन-जागरूकता चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में का प्रतिशत हर-हाल में बढ़ाना है। इसके लिए सभी विभाग लगातार मतदाताओं को जागरूक करने हेतु क्षेत्र में लगातार स्वीप के माध्यम से जागरूकता अभियान चलायें।

## निर्वाची पदाधिकारी की हुई ऑनलाइन असेस्मेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में गुरुवार को सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी का अनलाईन असेस्मेंट आईआईआईडीइएम नई दिल्ली भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया। तत्पश्चात सभी निर्वाची पदाधिकारी को उप विकास आयुक्त द्वारा नामांकन प्रक्रिया में होने वाले त्रुटियों के बारे में अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न प्रपत्रों से भी निर्वाची पदाधिकारी को अवगत कराया। इसके साथ ही दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक सभी निर्वाची पदाधिकारी द्वारा आईआईआईडीइएम नई दिल्ली द्वारा आयोजित अनलाइन डबत क्लियरिंग सेशन में भाग लिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रवीण कुमार, सभी सातो विधान सभा के निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधानसभा निर्वाचन को लेकर निर्वाची पदाधिकारियों की प्रशिक्षण सह मूल्यांकन कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के क्रम में गुरुवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विविध गतिविधियों एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन डॉट प्रणाली, क्लियरिंग



सेशन, और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मस के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के सुदृढ़ क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कुशल संचालन सुनिश्चित करना है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से निर्वाचन से जुड़ी बारीकियों, कानूनों, एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, जिससे अधिकारीगण आगामी विधानसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता के. परीक्षित, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में गुरुवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा डा. राजीव रंजन चौधरी ने 188 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीड राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवतियों को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी।सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवतियों को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैल्शियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर डा नितिन कुमार, सीएचओ रविशंकर, एल टी पंकज जोशी, एएनएम रीणा, सुधीरा, मंचन, शालिनी, सीमा , बेबी आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पीओ का विदाई सह सम्मान समारोह

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मनरेगा कार्यालय में मनरेगा पीओ इंद्रमोहन कुमार के स्थानांतरण पर गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। जहां मनरेगा के कर्मियों ने पीओ को पाग, चादर, बुके और पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। विदित हो कि वर्तमान पीओ का स्थानांतरण सिवान जिले के जीरादेई प्रखंड में हुआ है। नए पीओ के पद पर गया जिले के पीओ दीपु कुमार की पोस्टिंग हुई है। नये पीओ ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ मनरेगा योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर चलना प्राथमिकता होगी। विदाई समारोह के दौरान सीडीपीओ महताब ग्यास ने बताया कि मनरेगा पीओ ने प्रखंड में काफी अच्छा अपना कर्तव्य निभाया इनका कार्य करने का एक अपना अलग तरीका था। ये सरकारी विभाग है। इसमें आना-जाना लगा रहता है,विदाई के बाद स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया। उक्त मौके पर मनरेगा कनीय अभियंता मिथुन कुमार, लेखापाल सच्चिदानंद, पंचायत रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार, अमित कुमार, रामानंद सहनी, लोकेश कुमार, अरुण कुमार, नीतीश कुमार दीपक कुमार, मंजेश सिंह, नीरज कुमार किशन कुमार, सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### नए बीडीओ ने संभाला पदभार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नवपदास्थापित बीडीओ राहुल रंजन ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाला। श्री रंजन ने अन्य विभागों के पदाधिकारियों, कार्यालय कर्मी, जनप्रतिनिधियों से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निबटारा करना ही उनकी प्रमुखता होगी। यह पद निवर्तमान बीडीओ चिरंजीव पांडेय के स्थांतरण के बाद रिक्त था। नव पदास्थापित बीडीओ के कार्यभार ग्रह्ण करने से पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि सहित आमजनों में खुशी देखी गई।

### कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी क्षेत्राधीन सभी पंचायतों में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की शुरूआत सोमवार से हुई। पीएम डब्लू रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान 15 अक्टूबर तक संचालित होना है। इसके लिए 93 हाउस टू हाउस टीम की तैनाती की गई है। ये स्वास्थ्य कर्मी अपने पोषक क्षेत्र में माइक्रो प्लान के अनुरूप घरों का भ्रमण कर शरीर पर ताम्र रंग के दाग धब्बे वाले व्यक्ति जिसमें सूनापन आ गया है , खोज कर पीएचसी जांच हेतु रेफर करेंगे। यहाँ जांच के उपरांत निदान हेतु एमडीटी की गोली उपलब्ध करायी जाएगी। प्रथम दिन 93 दल कर्मियों ने चार दिनों के कार्य समाप्ति के बाद 8317 घरों का भ्रमण कर 22 संदिग्ध व्यक्तियों की खोज की। बी सीएम उषा कुमारी आदि ने इनके कार्यों का अनुश्रवण किया।

### सघन वाहन जांच अभियान चला

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेगूसराय वीरपुर संजात पथ पर थाना क्षेत्र के लतराही पुल के पास वीरपुर थाना के पदाधिकारियों के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर बुधवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग के दौरान पुलिस पदाधिकारी के द्वारा गाड़ी के पेपर के साथ ही गाड़ी की डिक्की, चालक के कमर सहित सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट, ड्राईविंग लाइसेंस इत्यादि की जांच की जा रही थी। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि दर्जनों गाड़ियों की जांच कर बीस गाड़ी से टोटल बीस हजार पांच सौ रूपए की जुर्माना वसुला गया।

### गर्भवतियों की हुई जांच

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में गुरुवार को गर्भवती महिलाओं की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैम्प में काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 150 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैंप में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जस्त्रीचिकित्सा परामर्श भी दिये। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरिन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डा. ज्योति शबनम की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम आदि के द्वारा किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया की प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंतजांच करानी चाहिए। योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन की दवाइयां दी गईं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दिलीप कुमार, हेल्थ मैनेजर आशुतोष गांधी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार 217- घोसी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत काको प्रखंड के फिरोजी काको एवं नगर पंचायत, काको तथा जहानाबाद नगर परिसद क्षेत्र के मध्य विद्यालय, ऊँटा, जहानाबाद एवं एस. एन. सिन्हा कालेज, जहानाबाद के मतदान केन्द्रो पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा न्यूनतम आधार भूत सुविधा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे उच्च विद्यालय, फिरोजी काको में भवन निर्माण कार्य करते हुए पाया गया, उक्त भवन मे तीन मतदान केन्द्र बनाये गए है। उप विकास आयुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को भवन के निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही न्यूनतम आधार भूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त द्वारा अन्य मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया तथा न्यूनतम आधार भूत सुविधा की मानक सभी सुविधा उपलब्ध पाया गया।

## 20 लाख की विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जहां विभाग को बड़ी उपलब्धि मिली है। गुरुवार को मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश के नेतृत्व में बिहिया, बिहारी मिल आरा व कोईलवर में छापेमारी कर 1684.240 लीटर अवैध विदेशी शराब समेत तीन वाहन बरामद किया है। जिसकी कीमत 20 लाख रुपये आंकी जा रही है। बताया जा रहा कि वाहन जांच के दौरान एक 12 चक्का ट्रक से गिट्टी के नीचे छुपा कर रखे 987.600 लीटर, एक ऑटो से 51.840 लीटर विदेशी और 70 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक महिंद्रा कार को जब्त किया है। वही दो शराब तस्कर रौशन कुमार एवं दीपक कुमार को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही के लिए न्यायालय को सुपुर्द किया गया। सहायक आयुक्त रजनीश ने बताया कि बिहियां, बिहारी मिल आरा और कोईलवर से पकड़े गये वाहनो से कुल 8328 बोतल शराब जब्त किया गया है। जिसमें 180 एमएल के 7968 पीस टेट्रापैक, 750 एमएल के 120 बोतल, 500 एमएल के बियर 240 पीस है। शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था।

## भाजपा का घोषणा पत्र बिहार के विकास का संकल्प पत्र : गुरु प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर जारी किए जाने वाले चुनाव घोषणा पत्र की रूपरेखा पर गुरुवार को दरभंगा मे भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. गुरु प्रकाश पासवान ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने कहा कि भाजपा का यह घोषणा पत्र केवल वादों का नहीं बल्कि जनसेवा का




संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं, और अब बिहार भाजपा उसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का रोडमैप लेकर जनता के बीच जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घोषणा पत्र में युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों की आय वृद्धि, और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समान विकास पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलकर बिहार को एक विकसित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह जिला मीडिया प्रभारी सुंदरलाल चौधरी, सोशल मीडिया के साथ संयोजक दीपक खर्गा, अंकुर गुप्ता उपस्थित थे।

## बकाया मांगने पर दोस्त की कर दी हत्या

### 36 घंटे में नागदाह हत्याकांड का उद्भेदन, दो अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के ग्राम नागदाह में मकई के खेत से एक व्यक्ति का शव मिलने के महज 36 घंटे के भीतर पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। गुरुवार को डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने सिघौल थाना पर प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, खून से सना कपड़ा और नकद राशि भी बरामद की गई है। श्री पांडेय ने बताया की दरअसल 7 अक्टूबर को



नागदाह स्थित मकई के खेत से संतोष कुमार उर्फ संतोष महतो का शव बरामद हुआ था। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और आसूचना संकलन के आधार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास कुमार उर्फ विकास चौधरी और हर्ष कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मृतक से उधार लिए गए पैसे लौटाने के डर से ही उन्होंने हत्या की साजिश रची थी। दोनों ने पार्टी करने के बहाने संतोष को बुलाया और नागदाह के मकई के खेत में उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू, स्प्रिंगनुमा तार, दो मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और 5000 नकद बरामद किया है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मिथिला विश्वविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेज़ी , इतिहास, मनोविज्ञान और वनस्पति शास्त्र विभाग में गुरुवार को नवागंतुक प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों की अध्यक्षता में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में नव नामांकित विद्यार्थियों को विभाग की शैक्षणिक परंपराओं और अनुशासन से परिचित कराया गया। इन विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रम के अध्ययन के आयामों और पद्धति पर विस्तार से विभागीय शिक्षकों ने अपने विचार रखें। विद्यार्थियों को निष्ठा, संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व का पाठ पढ़ाया गया साथ ही, स्वाध्याय को सम्यक ज्ञान का पर्याय बताते हुए पुस्तकालय के लाभों और स्वाध्याय की ओर उन्मुख होने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। सभी विभागों में भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में समकालीन अध्ययन - बोध और उच्च तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में भारतीय नैतिक मूल्यों से समिश्रित शिक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया गया। शिक्षा, समाज, संस्कृति, और मानवीय चेतना को समझने की एक निरंतर प्रक्रिया है।

## मदनपुर के सीताथापा पहाड़ पर स्थापित हैं प्राचीन काल की मूर्तियां

### यहां का इतिहास करीब 17 हजार वर्ष है पुराना, पहाड़ पर है सुविधाओं का घोर अभाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले से 29 किलोमीटर दूर मदनपुर प्रखंड के जीटी रोड से दक्षिण दिशा की ओर लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी पर नीमा गांव के समीप सीताथापा पहाड़ है। पहाड़ पर नववर्ष में अपने परिवार के साथ पिकनिक का आनंद लेने लोग पहुंचते हैं। यहां पिकनिक मनाने का आनंद ही कुछ और है लेकिन असुरक्षा और अव्यवस्थाओं के कारण लोग यहां जाने से दर्शनार्थी कतराते हैं। वहीं पहाड़ पर प्राचीन काल से स्थापित कई दिव्य मूर्तियां भी है। बताया जाता है कि यहां का इतिहास करीब 17 हजार वर्ष पुराना है। पहाड़ पर प्राचीन काल से स्थापित दिव्य मूर्तियां हैं।





पुजारी दशरथ दास नागा बताते हैं कि जब त्रेता युग में भगवान श्रीराम वनवास के समय अपने पिता राजा दशरथ के निधन के बाद भगवान राम गया जी पिंड दान करने जा रहे थे तो इस स्थल पर पहुंचे थे। भगवान राम के साथ सीता रथ से गया जी जा रही थी। जब भगवान यहां लेकर पहुंचे तो रथ का पहिया जमीन में धंस गया था, तब मां सीता ने अपने हाथ से रथ के पहिया को सहारा दिया था। आज भी रथ के पहिए के निशान पहाड़ की चट्टानों पर साफ दिखने को मिलते हैं। बताया कि पहाड़ पर भगवान विष्णु के सभी अवतार की प्रतिमाएं है। मंदिर के सभी तरफ आकर्षक दृश्य देखने को मिलते है। बताया जाता है कि त्रेतायुग में नैमिष ऋषि इस स्थल पर वर्षो तब तपस्या किए थे। इनके तपस्या को देखकर राम, लक्ष्मण और मां सीता काफी प्रसन्न हुए थे। पहाड़ पर माता सीता ने प्रसन्न होकर स्मृति चिह्न के लिए अपने हाथ का छाप चट्टान पर छोड़े थे। मां सीता के हाथ के छाप आज भी पहाड़ पर देखने को मिलते है। तभी से इस स्थल का नाम सीता थापा पड़ गया।

**पहाड़ स्थित कुआं से निकलता है दूध जैसा पानी**

पहाड़ के नीचे एक कुआं है। जिसका पानी दूध की तरह उजला है और पीने में मिठा लगता है। कुआं से स्वतः पानी निकलता रहता है। वहीं कुआं कभी भी नहीं सुखता है। कुआं के समीप में ही एक तालाब है जिसका पानी सामान्य है। सीताकुंड की खासियत यह है कि गर्मी के मौसम में भी नहीं सूखता है। स्थानीय ग्रामीण रवि सिंह, राजू यादव का मानना है कि सीताकुंड का पानी पीने एवं स्नान करने से कुष्ठ जैसी बीमारी ठीक होती है। जो भी लोग इसमे स्नान करते हैं उनका चर्म रोग भी ठीक हो जाता है।

**पहाड़ पर सुविधाओं का अभाव**

सीताथापा पहाड़ पर सुविधाओं का अभाव है। यहां तक की रात्रि भी इस स्थल पर पहुंचने में भय लगता है। इस स्थल पर जाने वाली सड़क की स्थिति भी काफी बदहाल हो गई है। सड़क के कई जगहों पर गड्ढें उभर आए हैं। बताया जाता है कि जिन श्रद्धालुओं की यहां मांगी गई मुरादे पूरी होती है तो उनके द्वारा इस स्थल पर अपने निजी पैसे से पेयजल व रौशनी की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को इस स्थल को विकास करने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत प्रोफेसर के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, के सेवानिवृत प्रो. मानस भट्टाचार्य के आकस्मिक निधन की सूचना पर मुंशी सिंह महाविद्यालय में शोक सभा का आयोजन 09/10/2025 को किया गया। प्रो. मानस भट्टाचार्य मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष भी थे । मौके पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.एन. हक, डॉ. ए. के. रंजन, डॉ. मयंक कपिला, डॉ. शफीकुर रहमान, श्री अमरजीत कुमार चौबे, डॉ. मो. मशहूर आलम, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. रंजू बाला, डॉ. खानम आफरीन, डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, श्री पवन कुमार, डॉ. गौरव भारती, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. दद्दन राम, श्री प्रमोद कुमार, श्री सुधीर कुमार राव, राजेश कुमार, हर्षवर्धन कुमार, सूबेदार प्रदीप द्विवेदी, ओम प्रकाश राय और संतोष कुमार आदि उपस्थित थे । इस दौरान शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रखकर प्रो. मानस भट्टाचार्य के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### आदापुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान सम्पन्न



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान प्रखंड कार्यालय के परिसर में लोगों के बीच जागरूकता की गई, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार ने बताया कि लोकतंत्र में हमारा पहला कर्तव्य है कि वोट करें ,घर से बाहर जाने के पूर्व मतदान कर के ही जाना चाहिए, हमें सुबह जलपान के बाद मतदान केंद्र पर पहुंचना चाहिए, मेरे पास जो शक्ति है मतदान करने की मौलिक अधिकार की शक्ति का महत्व की अनूभूति दिलाती है मतदाताओं की जिन्दगीयो और राष्ट्र में कितना बदलाव ला सकती है जिससे देश मजबूत होती हैं,इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका की भूमिका सराहनीय रही, मतदाता जागरूकता अभियान में अपील की गई कि ,जो देगा साड़ी नोट,उसे न देंगे कभी वोट, से गुंजायमान हो प्रखंड परिसर, कार्यक्रम में अंचलाधिकारी अनामिका सिंह, सीडीपीओ राखी गुप्ता,किरण कुमारी,अनिता कुमारी,बीसी संजू कुमारी, सहित सभी सेविका बढ़ चढ़ कर भाग ली।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिव्यांगजनों की ट्राइसाईकिल रैली निकाली

रैली को उप विकास आयुक्त, डीपीआरओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला दिव्यांगजन कोषांग मोतिहारी के तत्वावधान में दिव्यांग जनों की ट्राईसाइकिल रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भाग लिया और सभी ने मतदान करने का प्रण लिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मोतिहारी डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यहां मीडिया से वार्ता करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांगजन मतदाताओं पर बहुत ध्यान केंद्रित किया गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन की तरफ से सभी दिव्यांगजनों को उनके अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदान केंद्र को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर ट्राई साइकिल की व्यवस्था रहेगी ताकि किसी भी दिव्यांग भाई को अपना मतदान करने में मतदान केंद्र पर कोई परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन इकाई अक्षय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्वीप सहित दिव्यांगजन कोषांग के कर्मीगण उपस्थित थे।

### छेड़खानी मामले में फरार चल रहे दो नाबालिग गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने छेड़खानी मामले में फरार चल रहे दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़खानी के फरार दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में एक महिला से छेड़खानी की घटना घटी थी। छेड़खानी का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल भी हुआ था।मामले में पीड़ित महिला के आवेदन पर दोनो नाबालिगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।उंन्होने बताया कि घटना के बाद दोनो फरार चल रहे थे। बुधवार की रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर दोनो को पकड़ा गया।उंन्होने बताया कि दोनो को न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड होम भेज दिया गया है।

### जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 10 से 12 अक्टूबर तक महाराजा स्टेडियम, बेतिया सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित होगी। जिला प्रशासन, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, और 19 आयु वर्ग के करीब 4000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उद्घाटन 10 अक्टूबर को सुबह 9रू45 बजे महाराजा स्टेडियम में होगा, जिसमें दीप प्रज्वलन, झंडोतोलन, मशाल दौड़, स्वागत गान, मार्च पास्ट और शपथ ग्रहण समारोह होगा। विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 19 खेल शामिल होंगे, जैसे एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कराटे, शतरंज आदि। विभिन्न स्थलों पर चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों को ड्रेस कोड और विद्यालय बैनर के साथ भाग लेना होगा, लेकिन राजनीतिक ड्रेस कोड पर प्रतिबंध है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी।

### हथियार लहराने का वीडियो वायरल, दो युवक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया थानाक्षेत्र के मठिया गांव में हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान मठिया निवासी मोतीलाल यादव के पुत्र दुर्गेश यादव और राजेश्वर यादव के पुत्र मिथलेश यादव के रूप में की गई है।थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों युवक सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर हथियार लहराते हुए देखे गए थे, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और वीडियो की सत्यता की पुष्टि के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### 53 लीटर शराब के साथ दो धराए

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो व्यक्ति को धर दबोचा है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पचरौता से 48 लीटर शराब के साथ रामपूर के झगरू दिसवां एंव सडकीया भंगहा से 5 लीटर शराब के साथ भंगहा परसौनी से सुरेश प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### एसडीओ और एसडीपीओ ने किया मंडल कारा, बेतिया का औचक निरीक्षण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विकास कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेतिया विवेक दीप द्वारा आज आदेशानुसार मंडल कारा, बेतिया का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों यथा- वार्ड, रसोई घर, मेडिकल यूनिट, सुरक्षा चौकी, बंदियों के बैरक एवं प्रशासनिक कार्यालय का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या निषिद्ध सामग्री बरामद नहीं की गई। अधिकारियों ने जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया।एसडीओ श्री कुमार ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि बंदियों के भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जेल परिसर में अनुशासन बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।एसडीपीओ ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं सुरक्षा गार्डों की सतर्कता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव प्रक्रिया की सफलता का मेरुदंड हैं सेक्टर पदाधिकारी निष्पक्षता और सजगता से निभाएं अपना दायित्व : जिलाधिकारी

## डीएम, एसपी ने मोतिहारी एवं सुगौली विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में 19- मोतिहारी एवं 12- सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सफलतापूर्वक चुनाव का संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ बैठक कर अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।जिलाधिकारी के द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी से उनके दायित्व को लेकर प्रश्न किया गया। डीएम ने पूछा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी के द्वारा अभी तक अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ क्या क्षेत्र भ्रमण किया गया है, उनके जिम्मे कितने मतदान केंद्र हैं, मतदान केंद्र कितने कितने लोकेशन पर स्थित हैं। मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ते की क्या स्थिति है। डीएम ने कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण कहीं-कहीं जल जमाव की स्थिति बन गई है तो क्या उससे बूथ तक जाने का रास्ता प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की उपलब्धता क्या है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कितने संवेदनशील पॉकेट है, क्या उसे चिन्हित किया गया है। महादलित टोले का भ्रमण किया गया है कि नहीं। लोगों में फ्री एंड फेयर पोल संबंधी विश्वास बढ़ाने की काम की गई है अथवा नहीं, से संबंधित सारी चीजों के बारे में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक में जानकारी प्राप्त की गई। सभी सेक्टर पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी के साथ क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया है। मतदान केंद्र पर न्यूनतम जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता देखी गई है एवं इसके संबंध में प्रतिवेदन दिया गया है। ज्ञातव्य है कि मोतिहारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 39 एवं सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 38 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं दायित्वपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया की सफलता का आधार क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस सेक्टर पदाधिकारी पर ही होते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका मेरुदंड की तरह है,यदि वह अपनी जिम्मेवारी का ईमानदारी से सजगकता के साथ निर्वहन करेंगे तो जिले में चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने में सफलता प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्य प्रणाली की भी व्यवस्थित जानकारी रखें ताकि मतदान के दिन कहीं कोई दिक्कत हो तो उसका शीघ्रता से समाधान किया जा सके ' इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कार्य सुनिश्चित करेंगे।चुनाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है बल्कि लोकतंत्र का महापर्व है और इसे सफल बनाने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण एवं सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी सजग रहें, सक्रिय रहें और निष्पक्षता बनाए रखते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करें ' इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव,मोतिहारी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी प्रीति कुमारी डीसीएलआर सदर मोतिहारी एवं सुगौली विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सुश्री श्वेता भारती अनुमंडल पदाधिकारी सदर उपस्थित थे।

## पुलिस ने चुलाई शराब सहित दस पियक्कड़ व तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चिरैया व शिकारगंज थाना की पुलिस ने सीएपीएफ टीम के सहयोग से छापेमारी कर लालबेगिया गांव स्थित एक दुकान से 64 लीटर चुलाई शराब बरामद किया है। पुलिस को देखते हुए शराब कारोबारी राकेश सहनी व खेदू सहनी बाढ़ के पानी में कूद कर भागने में सफल रहा है। जिसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कारवाई की जा रही है। जबकि चिरैया और शिकारगंज पुलिस ने शराब पीने के आरोप में 10 व्यक्तियों सहित तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सिकरहना डीएसपी उदय शंकर ने बताया कि पियक्कड़ों में त्रिभुवन कुमार व छोटेलाल कुमार समदा गांव का निवासी है। वही अहिरौलिया के चंदन कुमार, गोखुला के शत्रुघ्न राय, सेमरा के विक्रम सिंह व वीरता टोला के लवकुश कुमार शामिल हैं। जबकि शिकारगंज पुलिस ने सिरौना के बम शंकर प्रसाद, हरिहरा के मुकेश मेस्तर, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मठवा गांव निवासी गौरव कुमार और हराज के कृष्णनंदन साह को गिरफ्तार किया है। वही गोढ़ीया के रघुराज सहनी, परेई के रामविनय प्रसाद यादव तथा नया टोला ढाका के मो. अशफाक को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया है।

## बच्चों के मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक विकास पर कार्यशाला आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के द्वारा माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को विद्यार्थियों,शिक्षकों, अभिभावकों तथा लायंस सदस्यों के बीच मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब के मोटीवेटर लायन अनिल कुमार वर्मा द्वारा अध्यक्ष लायन अशोक जयसवाल, सचिव लायन सच्चिदानंद पटेल, कोषाध्यक्ष लायन सुधांशु रंजन , रीजनल चेयरमैन लायन अमित सेन सर , पूर्व अध्यक्ष लायन सुजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य लायन अमरनाथ साहू , लायन रमन उपाध्याय, लायन राजु सहारा, लायन मनीष झा और लायन आर के प्रसाद विद्यालय के चेयरमैन लायन संजय कुमार गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। बाद में संस्कृत विभाग के आचार्य ध्रुव नारायण पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंगलाचरण के माध्यम से कार्यक्रम को सुसज्जित सह सुसंसगठित किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन , वायस चेयरमैन श्रीमती रंजीता गुप्ता, एकेडमिक डायरेक्टर श्री जे. एन. प्रसाद, मैनेजिंग डायरेक्टर लायन शुभम कुमार गुप्ता, वाइस मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आँचल गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री मनोज कुमार अग्निहोत्री, एकेडमिक कॉर्डिनेटर श्री रंजेश कुमार तिवारी, सी सी ए कॉर्डिनेटर कुन्दन कुमार झा, ऑपरेशन मैनेजर कुमार अभिषेक, एडमिन हेड पंकज झा एवं पुस्तकालयाध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम के अगले भाग में लायन अनिल कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक सेहत में जीवन के सभी पहलुओं में संतुलन ढूँढ़ना शामिल हो - शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक व रूहानी तौर पर। यह जीवन का मजा लेने व जीवन की रोजमर्रा चुनौतियों का सामना करने की योग्यता है - चाहे इस में पसंद करना व निर्णय लेना, कठिन स्थितियों का सामना करना व उनके मुताबिक अपने आप को ढालना या जरूरतों व चाहतों के बारे में बात करना शामिल हो। आगे अपने वक्तव्य में उन्होंने बच्चों के मानसिक सेहत बिगड़ने के लक्षण, कारण एवं निदान इन सभी बिन्दुओं पर क्रमशः प्रकाश डाला। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित, प्रभावित एवं आनन्दित रूप से सफल बनाने पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## जन सुराज पार्टी ने छपरा विधानसभा से पूर्व मेजर एवं पूर्व आईपीएस जयप्रकाश सिंह को उतारा मैदान में

### छपरा को जाम, जलजमाव व गंदगी से मुक्त कर बनाऊंगा आदर्श शहरः जयप्रकाश सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा (सारण)।** जन सुराज पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए छपरा विधानसभा क्षेत्र से अपने पहले प्रत्याशी के रूप में पूर्व मेजर एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी जयप्रकाश सिंह को मैदान में उतारकर राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। कटहरी बाग स्थित व्यवसायी कृष्ण कुमार वैष्णवी के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने विजन व प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। जयप्रकाश सिंह ने कहा कि जन सुराज के विजन के साथ मैं छपरा की जनता के बीच आया हूं। यदि जनता ने अवसर दिया, तो छपरा को जाम, जलजमाव और गंदगी से मुक्त कर एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाऊंगा। पूर्व सेना अधिकारी और आईपीएस अधिकारी रहे जयप्रकाश सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में जनता के हित में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मैंने छपरा के छात्रों को शिक्षा में मार्गदर्शन दिया है। यह मेरा जन्मस्थान है और अब इसी धरती को कुछ लौटाने का समय आया है। मेरे पास अभी दो वर्ष की सेवा शेष थी, लेकिन मैंने स्वेच्छा से इस्तीफा देकर जनसेवा का मार्ग चुना। उन्होंने विश्वास जताया कि अब जनता जाति-पाति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। श्री सिंह ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है, और मुझे यकीन है कि छपरा मुझे मौका देगी ताकि मैं अपने अनुभव के बल पर इस क्षेत्र को नई पहचान दिला सकूं। प्रत्याशी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि जन सुराज पार्टी का उद्देश्य साफ-सुथरी राजनीति, पारदर्शिता और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देना है। उनकी उम्मीदवारी इसी सोच को दशार्ती है, अनुभवी, ईमानदार और जमीनी नेतृत्व को सामने लाना। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में सिर्फ भागीदारी नहीं, बल्कि एक जनांदोलन को नेतृत्व देने आए हैं। यह राजनीति नहीं, बदलाव की पहल है - नया चेहरा, नई उम्मीद।

## ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर अधिकारियों ने हटवाया बैनर पोस्टर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशाशनिक तैयारियां तेज कर दी गयी है। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में टीम के माध्यम से राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर को प्रशासन की ओर से हटाया जा रहा है। गुरुवार को राजस्व अधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के धुमनगर, मलदहिया, पोखरिया,सुगौली, साठी, कोइरगावा, परोराहा समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रमण कर बैनर पोस्टर व मकान के दिवालो पर लगाये गए वाल पेन्ट, पम्पलेट आदि को हटाया है। आरओ श्री कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर बैनर पोस्टर, व दिवालो पर वाल पेंटिंग को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस मकान या दीवार के ऊपर राजनैतिक दलों के प्रचार प्रसार से संबंधित पेंटिंग किया गया है। संबंधित मकान मालिक के द्वारा तत्काल चुना व पेंट आदि से उसे मिटाया जा रहा है। इधर एआरओ सह सीओ सुधांशु शेखर ने बताया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है।

## प्रशांत किशोर की मुश्किलें बढ़ी

### 125 करोड़ के मानहानि मामले में न्यायालय ने जारी किया सम्मन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की मुश्किलें बढ़ने लगी है। पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल द्वारा जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के खिलाफ 125 करोड़ रुपये के मानहानि के दीवानी वाद की सुनवाई गुरुवार को बेतिया के सब जज प्रथम प्रतीक आनंद द्विवेदी के न्यायालय में हुई। कोर्ट ने वाद को स्वीकार करते हुए प्रशांत किशोर को विशेष दूत के माध्यम से सम्मन जारी करने का आदेश दिया, ताकि वे अपना पक्ष रखें। सांसद ने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर ने उनके बेतिया आगमन के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं, उन्हें ष्टूटपंजिया नेताष और ष्पेट्रोल चोरष कहा, और पोस्टर लगाकर उनका अपमान किया। साथ ही, छावनी ओवरब्रिज का एलाइनमेंट बदलने का झूठा आरोप लगाया। इससे पहले, सांसद ने प्रशांत किशोर को लीगल नोटिस भेजा था, जिसका जवाब मिलने के बाद उन्होंने सीजेएम कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज किया। इसके अतिरिक्त, 125 करोड़ के मानहानि के दावे के साथ यह दीवानी मुकदमा दायर किया गया। सांसद की ओर से अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन और राजन चतुवेर्दी ने कोर्ट में पक्ष रखा। कोर्ट ने एक मैंडेटरी इंजेक्शन पिटीशन पर भी सुनवाई की और प्रशांत किशोर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। यह मामला सांसद के मान-सम्मान को कथित रूप से ठेस पहुँचाने से संबंधित है, और अब पीके को कोर्ट में जवाब देना होगा।

## राशन में धांधली को लेकर ग्रामीणों का हंगामा



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सेनुअरिया पंचायत में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सुरेंद्र राम के खिलाफ दर्जनों ग्रामीणों ने जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकानदार वर्षों से अंत्योदय कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहे हैं। उपभोक्ताओं को जहां 35 किलो अनाज मिलना चाहिए, वहीं उन्हें अक्सर केवल 13 से 20 किलो तक ही दिया जाता है।ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने गंभीरता से संज्ञान लिया और मझौलिया के आपूर्ति पदाधिकारी (एम.ओ) जय प्रकाश मौर्य को तत्काल जांच का आदेश दिया। आदेश के बाद एम.ओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

## जिले के 53 शातिरों पर सीसीए के प्रस्ताव को दी गयी मंजूरी, किया गया थाना बदर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए जिले के 53 शातीरों को अभी थाना बदर किया जा चुका है। इनके विरुद्ध संबंधित पुलिस अधीक्षकों द्वारा भेजे गये प्रस्ताव के आलोक में जिला दंडाधिकारी ने सीसीए के प्रस्ताव को सवीकृत करते हुए उन्हें थाना बदर का आदेश दिया है। चुनाव के दौरान किसी तरह का खलल या आशांति पैदा नहीं हो, इसको लेकर जिला प्रशासन ने शातिरों पर शिकंजा कसा है। स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर 47 और शातिरों पर सुनवाई अभी लंबित है। जिन शातिरों के विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है उन्हें प्रतिदिन जिले के विभिन्न थानों में सदेह सुबह व शाम उपस्थित होकर हाजरी देने का आदेश दिया गया है। शातिरों को संबंधित थानों में 10 से 11 बजे तक व शाम 5 से 6 बजे तक उपस्थित होना होगा। साथ ही संबंधित थानाध्यक्ष को शातिर के लिए थाने में एक अलग से उपस्थित पंजी संधारित करने का आदेश दिया गया है। जिसमें संबंधित शातिर का नाम व उसकी उपस्थिति दर्ज की दिन एवं समय दर्ज की जायेगी। इसको लेकर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने आदेश जारी किया है। संबंधित थानाध्यक्षों को जिन शातिरों पर सीसीए लगाया गया है, उसकी आदेश की तामिला कराने का निर्देश दिया है। डीएम ने बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 3 के तहत बेतिया व बगहा एसपी की ओर से सभी शातिरों के विरुद्ध भेजे गए प्रस्ताव को लेकर आदेश निर्गत किया है। दोनों एसपी को दिए गए आदेश के आलोक में सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## हर कॉलेज में स्थापित हो विवेकानंद केंद्र, विद्या का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करेंः कुलपति

के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो

### युवा भारत कार्यक्रम में युवाओं को मिला विवेकानंद के विचारों से जुड़ने का संदेश





**छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी (शाखा छपरा) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में ह्युवा भारत कार्यक्रमह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो परमेन्द्र कुमार बाजपेई एवं अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं कुलदेवता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर किया गया। मंत्रोच्चार प्रोफेसर बी.एन. मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो हरिश्चंद्र ने किया। स्वागत भाषण विभाग संघटक श्री धर्मदास जी ने दिया, जबकि स्वागत गीत शोध छात्रा अनूषा एवं अर्चना ने प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो बाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि ह्विद्या और अविद्या में संतुलन न होने के कारण हम गुलाम बने। जो भी सीख रहे हैं, उसका उपयोग अपने शहर और राष्ट्र के लिए करें। अपेक्षाहीन होकर कार्य करना ही सच्चा कर्मयोग है।ह्व उन्होंने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म को साथ लेकर चलना चाहिए, क्योंकि किसी भी क्षण मनुष्य कर्मरहित नहीं रह सकता। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक महाविद्यालय में विवेकानंद केंद्र की स्थापना की जानी चाहिए। ताकि युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सेवा भावना का विकास हो। धन्यवाद ज्ञापन प्रो कृष्ण कुमार, संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय ने किया। इस अवसर पर प्रो शमी अहमद, प्रो अजीत कुमार तिवारी, प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो अशोक कुमार, प्रो उदय अरविंद, प्रो इरफान अली, प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव, परीक्षानियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्र, प्रो सिद्धार्थ शंकर, प्रो मुश्ताक, प्रो ऊषा सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. पप्पू यादव, डॉ. अमित प्रकाश, डॉ. नीतू सिंह, प्रो गुणसागर यादव, प्रो मजहर किबरिया सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

CMYK

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आगाज

## चार दिवसीय आयोजन में छात्र-छात्राओं ने दिखाई खेल प्रतिभा





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार राज्य खेल विभाग, राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ गांधी मैदान में किया गया। चार दिवसीय इस आयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति एवं जिले के समर्थ अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, एवं कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बच्चों ने मार्च पास्ट और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति और उत्साह से भर गया।

इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, शॉटपुट, दौड़ प्रतियोगिता सहित कई खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के खिलाड़ी इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल मैदान में बच्चों के जोश और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि आज खेलों में भी बेहतर कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के होनहार खिलाड़ियों की पहचान की जाएगी और उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करने का अवसर प्रदान करेगा।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन विभिन्न खेलों के मुकाबले होंगे, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को समापन दिवस पर पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।गांधी मैदान में बच्चों के उत्साह और अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। जिलास्तरीय खेल के आयोजन के दौरान खेल मैदान तालियों और उत्साहजनक नारों से गूंज उठा। वहीं इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन और खेल विभाग जहानाबाद में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने और युवाओं को बेहतर मंच देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनज़र वाहन चेकिंग अभियान चलाया हैं। यह अभियान थाना क्षेत्र के कई प्रमुख स्थानों पर संचालित किया गया। पुलिस को इस दौरान सीआरपीएफ जवानों का भी सहयोग मिला। थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके और चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

# पांच वर्षीय मासूम की हत्या चार आरोपित गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सरेन गांव में बुधवार की देर रात हुई पांच वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, सरेन गांव निवासी भीम यादव का पांच वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार बुधवार की शाम घर के पास खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। देर रात गांव के ही ईश्वरी यादव के घर के पीछे बोरे में आर्यन का शव बरामद हुआ, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां प्रभा देवी ने 10 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने दिनेश उर्फ नंकुर्या, सुनीता देवी, रिंकी उर्फ गौरी और सोनी कुमारी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी में भूमि विवाद को हत्या का मुख्य कारण बताया गया है। वहीं, कुछ ग्रामीणों द्वारा प्रेम प्रसंग की बात भी सामने आ रही है। पुलिस दोनों पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# डीएम ने परिवादियों की सुनी समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 10 परिवादियों की समस्याएं सुनी। परिवादियों ने सड़क निर्माण, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण, मुआवजा राशि, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनहित की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनता दरबार में गोह अंचल के उपहारा निवासी रेखा देवी के द्वारा करंट लगने से मौत होने के पश्चात सरकारी सहायता राशि नहीं मिलने के संबंध में शिकायत दर्ज की गई। वहीं खुदवां थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी त्रिपुरारी मिस्त्री के द्वारा असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी रैयती भूमि की घेराबंदी तोड़कर क्षतिग्रस्त करने की शिकायत की गई। इसी प्रकार जम्होर थाना क्षेत्र के तमौली रमेशचन्द्र के द्वारा अंचल अमीन बारूण के द्वारा मापी प्रतिवेदन नहीं देने की शिकायत की गई। थाना क्षेत्र के ही रामपुर गांव निवासी बिमलेश कुमार सिंह के द्वारा लोक भूमि अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जबकि नगर थाना क्षेत्र के नवाडीह मुहल्ला निवासी रामजन्म यादव के द्वारा भूमि केवाला करने से रोकने के संबंध में शिकायत दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा गांव और शहरी क्षेत्रों में सड़क नाली पुल नल-जल आपूर्ति व्यवस्था और जनसुविधा से संबंधित समस्याएं भी रखी गईं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# टेंट हाउस से लाखों के सामान की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

## घटना से स्थानीय व्यापारियों में भी दहशत का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (जहानाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के डिंडीर गांव स्थित प्रिंस टेंट हाउस में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह टेंट मालिक प्रिंस कुमार को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने हसपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। टेंट मालिक ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि चोरों ने दरवाजा तोड़कर मिक्सर मशीन, एल.टी. यूनिट, माइक्रोफोन, आहूजा की मशीन, पियानो की मशीन समेत कई कीमती उपकरण चुरा लिए। चोरी की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने कहा कि जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में भी दहशत का माहौल है।

# पैक्स प्रबंधकों को 14 दिन का प्रशिक्षण : राशि और प्रशिक्षण अवधि बढ़ाने की मांग, दिखे नाखुश

संदीप कुमार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के न्यू एरिया राजा बगीचा स्थित एक निजी भवन में प्रखंड क्षेत्र के पैक्स प्रबंधकों को 14 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद प्रबंधक नाखुश दिखे और उन्होंने प्रशिक्षण अवधि बढ़ाने के साथ-साथ सरकार से मानदेय की मांग की है। यह प्रशिक्षण 'हेड होल्डिंग' को लेकर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य पैक्स के सभी कार्यों को ऑनलाइन संचालित करने के लिए प्रबंधकों को तैयार करना था। दो सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण में ऑनलाइन कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। दुगुल पैक्स प्रबंधक सारिक जफर सहित अन्य प्रबंधकों ने बताया कि 14 दिन का प्रशिक्षण ऑनलाइन कार्यों की पूरी जानकारी के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रशिक्षण की अवधि को और बढ़ाया जाए ताकि वे सभी तकनीकी पहलुओं को ठीक से समझ सकें। प्रबंधकों ने यह भी कहा कि पैक्स में ऑनलाइन, सीएससी, धान और खाद से संबंधित सभी कार्य उन्हीं के द्वारा किए जाते हैं। हालांकि, उन्हें न तो समिति और न ही सरकार की ओर से कोई राशि या मानदेय दिया जाता है। इसलिए, उन्होंने सरकार से उचित मानदेय प्रदान करने की अपील की है। इस प्रशिक्षण में चरकावा पैक्स प्रबंधक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, चेव प्रबंधक संघ के सचिव धर्मवीर कुमार, चोवड़ा प्रबंधक बालेश्वर कुमार, लट्ठा प्रबंधक अखिलेश कुमार, भदुकि कला प्रबंधक बृजेश कुमार, केराप प्रबंधक अरविंद कुमार, बघोरा प्रबंधक गुंजन कुमार और कजपा प्रबंधक सच्चिदानंद यादव सहित कई अन्य प्रबंधक शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने की विभिन्न मामलों की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 मामलों पर विचार किया गया और पांच मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया। इस सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे कई मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद , भूमि विवाद , नाले की उडाही, भुगतान संबंधित इत्यादि अपीलीय मामले है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# डोर टू डोर अभियान व प्रभात फेरी आयोजित

## विकास मित्रों ने महादलित टोलो में घर घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर गुरुवार को जिला कल्याण पदाधिकारी, जहानाबाद संजय कुमार के नेतृत्व मे जहानाबाद जिला अंतर्गत तीनो के सभी महादलित टोला मे डोर टू डोर अभियान एवं प्रभात फेरी आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार तथा स्वीप कैलेंडर के अनुसार जहानाबाद अंतर्गत तीनो विधानसभा क्षेत्रों मे संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व मे विकास मित्रों द्वारा महादलित टोलो द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मतदाता एवं नये मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## एक नजर

### हसपुरा की छह छात्राओं का जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयन



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा हाई स्कूल के छोटी फील्ड मैदान में स्थित मध्य विद्यालय से संबद्ध कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छह छात्राओं ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन हासिल किया है। कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय की ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, सोनी कुमारी और चंचल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं मधु कुमारी ने द्वितीय स्थान और शारदा कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्राओं को औरंगाबाद में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं की उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शिक्षक संतोष कुमार खत्री, गोपाल सिंह, शिक्षिका बबीता कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शराब बरामद, कारोबारी फरार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने चरकावा डाक स्थान के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर लदी 15 लीटर चुलाई शराब बरामद की। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की खेप मोटरसाइकिल से मई की ओर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर डाक स्थान के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को आते देख पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक मोटरसाइकिल खड़ी कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर 15 लीटर चुलाई शराब बरामद की। इस संबंध में अवैध शराब निर्माण, खरीद-बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के आरोप में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं ठप



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने से गुरुवार को ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रोज की तरह बड़ी संख्या में ग्राहक बैंक पहुंचे, लेकिन हड़ताल के कारण सभी को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। रफीगंज पीएनबी शाखा के प्रबंधक सुधीर वर्मा एवं कियाखाप शाखा के प्रबंधक संजीव कुमार निराला ने बताया कि बैंकिंग उद्योग से संबंधित कई मांगों को लेकर हड़ताल की गई है, जिसमें शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग प्रमुख है। हड़ताल के दौरान सभी बैंक कर्मी शाखा के बाहर एकजुट होकर प्रदर्शन करते नजर आए। इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह, सुनील वर्मा, सरोज सिंह, अनीता सहित अन्य बैंक कर्मी मौजूद रहे। हड़ताल के कारण नकद निकासी, जमा और अन्य बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं, जिससे ग्राहकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बूथों को मजबूत कर एनडीए की जीत का लिया संकल्प

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल की ओर से ग्राम पंचायत कोईलवा में बूथ कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्षों एवं समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सोम सिंह, सतेंद्र शर्मा, विकास कुमार, अनिल शर्मा, मनोज कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, विष्णु देव शर्मा, दिलीप शर्मा, चितरंजन सिंह, नवीन कुमार, संतोष सिंह, रंजन चंद्रवंशी, भीखम विश्वकर्मा, राजेश शर्मा सहित सभी समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने बूथों को सशक्त बनाने और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को अपने बूथ से विजयी बनाने का संकल्प लिया। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनाव में भाजपा-एनडीए को पुनः सरकार बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

# जनसुराज में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस सचिव शंकर स्वरूप, जोरदार स्वागत





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जन सुराज पार्टी में पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव शंकर स्वरूप ने पटना में जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। सदस्यता ग्रहण के बाद गुरुवार को उन्होंने जन सुराज पार्टी जिला कार्यालय, जहानाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विमल शर्मा ने शंकर स्वरूप का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अध्यक्ष ने कहा कि शंकर स्वरूप के पार्टी में आने से जन सुराज पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूती मिलेगी। इनके पास वर्षों का राजनीतिक अनुभव है, जिसका लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि दो से तीन दिनों में सभी विधानसभा क्षेत्रों में टिकट वितरण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला अभियान समिति के संयोजक गंगा सागर कुंज बिहारी ने कहा कि जहानाबाद की तीनों विधानसभाओं में जन सुराज पार्टी के प्रत्याशियों को हम पूर्ण समर्थन देंगे और उन्हें विजयी बनाने का कार्य करेंगे। वहीं, जिला मुख्य प्रवक्ता रूपेश पंकज ने कहा कि पूरे बिहार की जनता बदलाव चाहती है, और यह बदलाव केवल जन सुराज पार्टी ही ला सकती है। जनता के समर्थन से बिहार में जन सुराज पार्टी की सरकार बनना तय है।इस अवसर पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रमंडल महामंत्री संजय शर्मा, जिला महामंत्री रामबाबू पासवान, संगठन युवा अध्यक्ष प्रकाश कुमार उर्फ बाबा, नगर अध्यक्ष विकाश कुमार, कार्यालय प्रभारी राहुल कुमार, मखदुमपुर अध्यक्ष अरविंद कुमार चंद्रवंशी, मखदुमपुर नगर युवा अध्यक्ष नितिन मुकेश, तथा

# स्वीप के तहत मदनपुर में चलाया गया जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रोजेक्ट जयप्रभा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर में गुरुवार को विधानसभा चुनाव 2025 के लिए स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को अपने पास-पड़ोस में मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित करने का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों के समक्ष मतदान की तिथि तथा अन्य जानकारियां दी। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी के मद्देनजर चित्रकला, पेंटिंग, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, प्रभात फेरी आदि के माध्यम से मतदाताओं को मत देने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों से अपील की गई कि वे इस एक्टिविटी कार्यक्रम के अनुसार बच्चियों को प्रेरित करें और उन्हें स्वीप एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

# पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** शहरी क्षेत्रों समेत ग्रामीण इलाकों में भी करवा चौथ की धूम मची है। घर-घर में महिलाएं करवा चौथ की तैयारी कर रही हैं। पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य की कामना लिए महिलाएं दिन भर उपवास रखकर चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद चलनी में पति को देखने के पश्चात पति के हांथ से ही जल ग्रहण कर व्रत खोलती हैं।

गुरुवार से ही घर-घर में महिलाएं करवा चौथ की तैयारियों में जुट गई हैं। पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य की कामना लिए महिलाएं दिन भर उपवास रखकर शुक्रवार की शाम करवा माता की पूजा करेंगी। वहीं चंद्रोदय के बाद पारंपरिक रूप से पति का रूप चलनी में देखने के बाद व्रत का पारण करेंगी। इधर, करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में खूब चहल-पहल रही। करवा चौथ को लेकर बाजार में खूब तेजी देखी गई। महिलाओं ने व्रत व पूजन से संबंधित सामानों की जमकर खरीदारी की। चलनी के साथ लोटा व थाली सेट महिलाओं को खूब भा रहा था। वहीं बाजार में सबसे अधिक महिलाओं की भीड़ सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों (श्रृंगार स्टोर) और ब्यूटी पार्लर में दिख रही है। करवा चौथ करने वाली महिलाएं मेंहदी लगाने के साथ ही अन्य तैयारी को लेकर ब्यूटी पार्लर देर शाम तक पहुंचती रहीं। दूसरी तरफ बाजार में चूड़ी-लहठी के साथ ही अन्य खरीदारी में महिलएं जुटी रहीं। शहर के स सट्टी मोड, काको रोड, अस्पताल मोड, राजाबाजार में जहां पूजन सामग्री की दुकानों में खूब भीड़-भाड़ देखी गई।

पंडित आचार्य शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि करवा चौथ का व्रत रखकर करवा माता की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है, साथ ही वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। करवा चौथ का व्रत बहुत कठिन माना गया है। करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखती हैं। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ- 09 अक्टूबर को देर रात 10 बजकर 54 मिनट पर हो रहा है तथा इसका समापन- 10 अक्टूबर को शाम 07 बजकर 38 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि व चंद्रोदय के समय को देखते हुए करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार को सुहागिन महिलाएं रखेंगी। करवा चौथ व्रत का समय- सुबह 6 बजकर 17 मिनट से रात 8 बजकर 10 मिनट तक होगा। 08बजकर 10मिनट पर चंद्रोदय के पश्चात महिलाएं अपना व्रत खोलेंगी।

# मदाड़ नदी पर बने तीखे मोड़ से कभी भी हो सकती है दुर्घटना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या बन गई है। आए दिन सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ एवं स्पीड ब्रेकर है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। लोग अपनी सुविधा अनुसार सड़क निर्माण संवेदक पर दबाव डालकर अपने घर के इर्द-गिद स्पीड ब्रेकर बना लेते हैं। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन स्पीड ब्रेकर का निशाना बन ही जाता है। जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। बेरी से चेई नवादा जाने वाली पथ में प्राणपुर गांव के समीप मदाड़ नदी पर ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षो पहले सिचाई विभाग द्वारा कराया गया था। पुल पर रेलिग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। चेई नवादा के प्रमोद सिह, शनी कुमार, बेरी के मंटू कुमार, प्राणपुर गांव के रंजन सिह ने बताया कि पुल पर रेलिंग कराने की आवश्यकता है। बच्चे इसी पथ से मदनपुर स्कूल पढ़ने जाते हैं। बच्चों को पुल में गिरने का

# रोहतास मे सातों विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 से

## नामांकन के समय भीड़ नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के लिए 22 दण्डाधिकारी व 22 पुलिस अधिकारी नियुक्त : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 हेतु बिहार राज्य में दो चरणों में चुनाव कराया जाना है। उक्त आलोक में 207 चेनारी (अ०जा०), 208 सासाराम, 209 करहगर, 210 दिनारा, 211 नोखा, 212 डिहरी, 213 काराकाट विधान सभा क्षेत्र का निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण में होने वाले बिहार विधान सभा निर्वाचन-2025 के लिए नाम निर्देशन का कार्य 13.10.2025 (सोमवार) से प्रारंभ हो कर 20.10.2025 (सोमवार) तक चलेगा। चेनारी विधानसभा के लिए अपर समाहर्ता, रोहतास के कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। सासाराम विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। करहगर विधानसभा के लिए भूमि उप समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। दिनारा विधानसभा के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। नोखा विधानसभा के लिए उप विकास आयुक्त, रोहतास के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। डिहरी विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। काराकाट विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। नाम निर्देशन कार्य को लेकर नाम निर्देशन स्थल पर 22 दंडाधिकारी एवं 22 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उक्त नाम निर्देशन कार्य को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास द्वारा निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा एवं विधि- व्यवस्था संधारण पर कड़ी निगरानी रखी जाय। चेनारी विधानसभा के लिए अपर समाहर्ता, रोहतास के कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। सासाराम विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। करहगर विधानसभा के लिए भूमि उप समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। दिनारा विधानसभा के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। नोखा विधानसभा के लिए उप विकास आयुक्त, रोहतास के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। डिहरी विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा। काराकाट विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र भरा जाएगा।

# पीएनबी बैंक के अफसर हड़ताल पर करोड़ों का लेन देन प्रभावित

## मांगों के समर्थन में हड़ताल पर रहे बैंक अफसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक आफिसर्स फेडरेशन के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में बैंक अफसर गुरुवार को हड़ताल पर रहे। कैमूर जिले के पीएनबी के 23 बैंक शाखाओं के अफसरों को हड़ताल पर रहने के कारण जिले में करोड़ों रुपए का लेन-देन प्रभावित रहा। वहीं पैसे के लेन-देन के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को खाली हाथ अपने-अपने घर लौटना पड़ा। अपना नाम नहीं बताते हुए पीएनबी बैंक के एलडीएम ने बताया कि जिले में पीएनबी के कुल 23 शाखाएं हैं आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक आफिसर्स फेडरेशन के आह्वान पर बैंक अफसर हड़ताल पर रहे। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर ट्रेनिंग चल रही है इस कारण भी बैंक अफसर बैंक से बाहर रहे। बैंक अफसरों के मांगों में मुख्य रूप से अधिकारी कर्मचारियों के परक्विज़िट टैक्स का 100% वहन बैंक द्वारा दिलाया जाए, चिकित्सा सहायता का भुगतान वर्तमान मूल वेतन से जोड़ा जाए, आवासीय रखरखाव खर्च को घोषणा के आधार पर दिया जाए, शाखाओं में अधिकारियों के अवैध कारावास का विरोध, हाल ही में जारी प्रेशहोल्ड लिमिट संबंधी परिपत्र निर्देश जो बैंक ग्राहकों और कर्मचारियों के प्रतिकूल हैं, उसमें संशोधन करके ग्राहकों और बैंक कर्मचारियों के अनुकूल बनाने, ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के साथ मंडल, अंचल और प्रधान कार्यालय प्रबंधन के साथ संरचित बैठक की व्यवस्था की जाए, अवकाश यूनियन कार्यालय हेतु बैंक परिसर आदि मामलों में अधिकारियों की संघों के बीच भेदभाव को खत्म किया जाए आदि शामिल हैं।

## कैमूर एसपी ने थानों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। पुलिस अधीक्षक कैमूर, भभुआ के द्वारा भगवानपुर, चैनपुर थाना का निरीक्षण किया गया व पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चुनाव को ले सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश भी एसपी ने दिया।

# गोली मारने वाले युवक पुलिस गिरफ्त से बाहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि दिन दहाड़े गोली बारी की घटना को अंजाम देने तनिक हिचकिचा नहीं रहे हैं। ऐसे ही मामला स्थानीय राजपुर रोड में संस्कृत विद्यालय के समीप बुधवार की है जहां एक घर में पंचायती के दौरान अपराधियों ने दीप यादव को गोली मारकर मौके से फरार हो गए। उसका इलाज वाराणसी में चल रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अतुलेश झा के अनुसार सरोज यादव व धीरज कुमार ने गोली मारी है। पुलिस को अपराधियों के बारे में जानकारी के बाद भी अपराधी पकड़े नहीं गये। घटना के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी पुलिस का हाथ खाली है। इस घटना से अकोढीगोला के क्षेत्र में लोगों में भय व्याप्त है। लोगों की माने तो दिन के उजाले में शहर के मकान में आठ से दस अपराधी किस्म के युवक जमा होते हैं, पार्टी करते हैं। एक विवाद को सुलझाने युवक पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ा और दनादन दो गोली दो अपराधियों ने दीपा यादव को मारी और मौके से फरार हो गए। जख्मी युवक का भी आपराधिक इतिहास रहा है। शहर के एक मकान में एक साथ कई आपराधिक किस्म के युवक इक्ट्ठा होते है। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं होती है। लोगों का कहना है कि उक्त मकान में अक्सर ऐसे युवक का आना-जाना लगा रहता है। इस घटना के बाद खौफ का माहौल बना हुआ है। विदित हो कि बुधवार को महुवरी निवासी दीपक यादव उर्फ दीप यादव को अपराधियों ने अकोढ़ी गोला के एक मकान में पंचायती के दौरान पार्टी में गोली मार दी थी। अपराधी फरार है। पुलिस का कहना कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

# पत्रकार 12 तक पहचान पत्र बनवा लें : डीपीआरओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 हेतु मतदान / मतगणना केन्द्र में प्रवेश हेतु प्रेस प्रतिनिधियों को प्राधिकार पत्र निर्गत किये जाने हैं। आपसे अनुरोध है कि मतदान / मतगणना केन्द्र में संवाद संकलन / छायांकन करने के इच्छुक संवाददाता / छायाकार का नाम, पदनाम, पत्राचार का पूर्ण पता (कार्यालय तथा आवासीय दूरभाष संख्या एवं मोबाइल संख्या सहित) दो सुस्पष्ट अद्यतन पासपोर्ट आकार के छायाचित्र (मतदान एवं मतगणना केन्द्रों के लिए अलग-अलग) अभिप्रमाणित करते हुए भेजने की कृपा की जाये। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि प्रति मतगणना केन्द्र में प्रवेश के लिए प्रिंट मीडिया हेतु एक एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया हेतु दो प्राधिकार पत्र अनुमान्य है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि 12.10.2025 तक अचूक रूप से अभिप्रमाणित सुस्पष्ट अद्यतन पासपोर्ट आकार के फोटो एवं पहचान संबंधी वांछित अभिलेख के साथ मतदान एवं मतगणना हेतु अलग-अलग आवेदन जिला सूचना जनसंपर्क कार्यालय, रोहतास को अवश्य सुलभ कराई जाए। ताकि प्राधिकार पत्र निर्गत करने हेतु व्यवस्था कराई जा सके। सूची में अंकित संस्था एवं नाम के साथ सरकारी / गैर सरकारी की भी सूचना होनी चाहिए।

# निर्वाचन प्रक्रिया को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने के लिए मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन विभाग से प्राप्त नवीनतम निदेशों से अवगत कराने के लिए जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर का द्वितीय प्रशिक्षण डीएवी पब्लिक स्कूल, अदमापुर में दिया गया। ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शुद्ध एवं पारदर्शी हो। प्रशिक्षण स्थल का जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अपने संबोधन के दौरान निम्नांकित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मास्टर ट्रेनर्स का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सभी मतदान केन्द्रों से लाइव वेबकास्ट किया जाना है जबकि इसके पूर्व निर्वाचनों में भेद्य एवं क्रिटीकल मतदान केन्द्रों का ही लाइव वेबकास्ट किया जाता था। लाइव वेबकास्ट हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी तथा मतदान केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा कहां लगाया जाय जिससे मतदान की गोपनीयता भंग न हो यह सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पहले से निश्चित कर लिया जायेगा। सभी पीठासीन पदाधिकारियों को ऐप में भीटीआर की इंट्री करना अनिवार्य है। मतदान समाप्ति के समय सी.यू. से टोटल बटन दबाकर पड़े मतों की संख्या ऐप में अनिवार्यता अंकित की जायेगी। पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सभी पोलिंग एजेंटों को प्रपत्र- 17 सी (मतों का लेखा) की प्रति अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जायेगी तथा उसकी प्राप्ति संधारित की जायेगी। मॉक पोल के समय इवीएम में डाले गए मतों को विलोपित करना तथा वीवीपैट ड्रॉप बॉक्स से पेपर स्लिप को निकालकर, मॉक पोल का स्टॉप लगाते हुए काले लिफाफे में सील किया जाना अनिवार्य है। यदि किसी पीठासीन पदाधिकारी द्वारा अनुपालन नहीं किया जाता है तो उन पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी मास्टर ट्रेनर्स तथा सेक्टर पदाधिकारी को ई०वी०एम० कनेक्शन करने की विधि को अच्छी तरह जान लेने हेतु निदेशित किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि मतदाता सूचना पर्ची में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ परिवर्तन किये गये हैं। मतदाता सूचना पर्ची में मतदान केन्द्र संख्या एवं निर्वाचक क्रमांक संख्या को ऊपरी दाहिने किनारे पर बड़े अक्षरों में अंकित कराया जा रहा है जिससे निर्वाचक को अपना नाम, क्रमांक, मतदान केन्द्र खोजने में कठिनाई न हो। सभी मास्टर ट्रेनर को निर्वाचन प्रक्रिया को अच्छी तरह जान लेने, हैंण्डस ऑन कर लेने तथा त्रुटि रहित निर्वाचन संपादित कराने हेतु निदेशित किया गया।

# चुनाव को ले यूपी के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अफसरों संग बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के आलोक में गाजीपुर जिला के गहमर थाना परिसर में अंतरराजीय सीमा समन्वय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी जमानिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां, अंचल निरीक्षक मोहनियां, थानाध्यक्ष रामगढ़, थानाध्यक्ष नुआंव, थानाध्यक्ष राजपुर, थानाध्यक्ष गहमर, थानाध्यक्ष चौसा, थानाध्यक्ष दिलदारनगर बैठक में भाग लिए। बैठक में मद्य निषेध की प्रभावी रोकथाम हेतु सघन जांच, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सूची साझा किया गया तथा मद्य निषेध को प्रभावी बनाने के लिए बार्डर एरिया में बने शराब की जितनी दुकान है उसकी सूची उपलब्ध कराने हेतु समन्वय स्थापित किया गया जिससे कि मतदान के दिन बार्डर सीलिंग में सहयोग करने हेतु समन्वय स्थापित हो सके।

# किशोरियों का दल लर्निंग यात्रा पर उत्तर प्रदेश रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू के किशोरी पंचायत क्लब के नेतृत्व में बीस का समूह को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बीरेंद्र कुमार ने यहां से गुरुवार को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद व गाजीपुर में आयोजित चार दिवसीय लर्निंग स्टडी के लिए रवाना हुआ। शहर के तारबंगला से डॉ वीरेंद्र ने सभी किशोरियों को अल्पाहार सामग्री देकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि गांव की बेटियां जब पंचायत व समाज के विकास में हिस्सेदारी करने लगे तो यह समझिए कि महिला सशक्तिकरण की परिभाषा सफल हो रही है। उन्होंने बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

परिवर्तन विकास मंच के सचिव विनोद कुमार ने बताया कि यात्रा में शामिल सभी किशोरी अपने किये कार्यों को बताने एवं उत्तर प्रदेश के विकसित पंचायत में हो रहे कार्य को सिखने- समझने के बाद अपने तिलौथू के सरैया पंचायत में लागू करेंगे। यह यात्रा चार दिवसीय है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिला के फैजाबाद में पीपुल्स एक्शन नैशनल इन्टीग्रेशन (पानी) एवं गाजीपुर जिले में स्थित ग्रामीण विकास संस्थान संस्था में लर्निंग विजिट के लिए जा रही हैं।

यात्रा का नेतृत्व परिवर्तन विकास के सचिव विनोद एवं सहयोग चंचल कुमारी, शारदा शर्मा, पल्लवी कुमारी, स्वाति कुमारी, संगीता कुमारी, जगत भूषण कर रहे हैं। यात्रा में पिंकी, खुशबू, सुषमा, लक्ष्मी, निधि, खुशी, पल्लवी, राधा, शब्बा, शन्ना, प्रिती, निशा, रानी, सरिता, रंगोली, सोनी, रेखा, खुशी, सरिता, विद्या शामिल हैं।

# 80 लीटर देसी महुआ शराब का विनष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड के बेलाव थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव से थाना अध्यक्ष चंद्रप्रभा के कुशल नेतृत्व में देसी महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जहां गुप्त सूचना के दौरान पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बल के जवान के सहयोग से गम्हरिया गांव निवासी लाल बाबू मुसहर उम्र 30 वर्ष पिता मदन मुसहर थाना-बेलाव ग्राम-गम्हरिया से 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वही 80 लीटर अर्द्ध निर्मित देसी महुआ शराब बनाने की जावा महुआ, गुड़ को कब्जे में लेकर विनष्टीकरण किया गया। वही थाना अध्यक्ष ने बताया कि आदर्श आचार संहिता को लेकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। नशीले पदार्थ के धंधेबाज एवं सेवन करने वाले सावधान हो जाएं। बेचने व खरीदने वाले पर पुलिस की कड़ी नजर है किसी भी हालत में उन्हें नहीं बख्शा जायेगा।

# चुनाव के दौरान अवैध कैश, शराब, ड्रग धंधे पर प्रशासन की कड़ी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के निमित अवैध राशि, शराब एवं अन्य वस्तुओं आदि के वितरण एवं परिचालन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा आम चुनाव के दौरान अवैध कैश, ड्रग आदि के अवैध परिचालन एवं वितरण पर कड़ी नजर रखने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसीयो के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बैंक के नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी बैंकों को निदेश दिया गया कि चुनाव से थोड़ा पहले तथा चुनाव के दौरान यदि किसी खाता से छोटी-छोटी मात्रा में बड़ी संख्या में ऑनलाइन माध्यम से राशि का संदेहास्पद अंतरण हो तो उसकी सूचना ससमय उपलब्ध कराई जाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पोस्टल विभाग के नोडल पदाधिकारी को भी स्कैनिंग एवं चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आयोग के निर्देश के आलोक में एयरपोर्ट पर नगदी तथा वर्जित वस्तुओं आदि के प्रभाव को रोकने के लिए सीआईएसएफ फोर्स सजग होकर अपने दायित्व का निर्वहन करेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर एफएसटी, एसएसटी को गहन जांच करने का निर्देश दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि निगरानी और सख्त की जाए ताकि किसी भी प्रकार के अवैध सामग्री की आवागमन न हो सके एवं ऐसा पाए जाने पर इसे जप्त कर तुरंत इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। सभी संबंधित पदाधिकारी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला नोडल पदाधिकारी इनकम टैक्स, जिला नोडल पदाधिकारी कस्टम प्रीवेंटिव, जिला नोडल पदाधिकारी सीजीएसटी, जिला नोडल पदाधिकारी डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट, जिला नोडल पदाधिकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, जिला नोडल पदाधिकारी डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस जुड़े थे। बैठक में उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला नोडल पदाधिकारी स्टेट ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट, जिला नोडल पदाधिकारी डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट, जिला नोडल पदाधिकारी स्टेट एक्साइज, जिला नोडल पदाधिकारी स्टेट गुड्स एंड सर्विस टैक्स एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मारपीट की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर दुर्गा मंदिर के पास अमित कुमार के साथ पांच लोगों ने मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## एक लाख से अधिक की साइबर ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में कारागाहरा थाना क्षेत्र के तेंदुआ निवासी अजय कुमार सिंह ने एक लाख 4990 रुपये की ठगी की प्राथमिकी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 11 स्टेशनों : 1. पुसौली (NSG-6), 2. मानपुर (NSG-6), 3. शिवसागर (NSG-6), 4. परैया (NSG-6), 5. बड़कीसलैया (NSG-6), 6. इस्माइलपुर (NSG-6), 7. गड़हनी (NSG-6), 8. पीरो (NSG-6), 9. अंकोरहा (NSG-6), 10. दुर्गावती (NSG-6) एवं 11. कुम्हऊ (NSG-6) के स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) की चयन हेतु अधिसूचना।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 10 स्टेशनों 1. पुसौली (NSG-6), 2. मनपुर (NSG-6), 3. शिवसागर (NSG-6), 4. परैया (NSG-6), 5. बड़कीसलैया (NSG-6), 6. इस्माइलपुर (NSG-6), 7. गड़हनी (NSG-6), 8. पीरो (NSG-6), 9. अंकोरहा (NSG-6), 10. दुर्गावती (NSG-6) एवं 11. कुम्हऊ (NSG-6) के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रत की जाती है।

अधिसूचना संख्या : काम/एसटीबीए/डीडीयू/2025 दिनांक 07.10.2025.

1. कार्य का विवरण : 1. पुसौली (NSG-6), 2. मानपुर (NSG-6), 3. शिवसागर (NSG-6), 4. परैया (NSG-6), 5. बड़कीसलैया (NSG-6), 6. इस्माइलपुर (NSG-6), 7. गड़हनी (NSG-6), 8. पीरो (NSG-6), 9. अंकोरहा (NSG-6), 10. दुर्गावती (NSG-6) एवं 11. कुम्हऊ (NSG-6) पर (एस.टी.बी.ए.) की चयन। 2. कार्य की अवधि : 03 (तीन) वर्ष। 3. अग्रधन राशि : 1. पुसौली (NSG-6), 2. मानपुर (NSG-6), 3. शिवसागर (NSG-6), 4. परैया (NSG-6), 5. बड़कीसलैया (NSG-6), 6. इस्माइलपुर (NSG-6), 7. गड़हनी (NSG-6), 8. पीरो (NSG-6), 9. अंकोरहा (NSG-6), 10. दुर्गावती (NSG-6) एवं 11. कुम्हऊ (NSG-6) के लिए ₹2000/– प्रति आवेदन। 4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ दिनांक 08.10.2025 को 11.00 बजे से दिनांक 22.10.2025 को 12.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 22.10.2025 को 12.30 बजे खोले जायेंगें। 5. वेबसाईट का पता जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता है : www.ecr.indianrailways.gov.in (Division : DDU, Department : Commercial) पर उपलब्ध है। नोट : सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनो को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1123/डीडीयू/वां./एन/25–26/76


# वन्य प्राणी सप्ताह का समापन, पर्यावरण के साथ जीव संरक्षण के लिए किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के बैनर तले 71 वें वन्यप्राणी सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन कंनोडिया पंप स्थित संत जोसेफ स्कूल परिसर में किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति पर आधारित स्वागत नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। संत जोसफ स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेल्फेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने वन्य प्राणी सप्ताह के उद्देश्य व गतिविधियों पर प्रकाश डाला जिसके बाद छात्राओं ने - वन बचाओ, वन्य जीव बचाओ थीम पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान क्लास - नर्सरी से क्लास - 2 तक के बीच गेम्स एक्टिविटी व चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों व विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा काफी संख्या में विद्यार्थियों, वन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने अपनी भागीदारी दिखायी।

## अश्लील फोटो वायरल पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में तुतला भवानी कुंड में महिलाओं का स्नान करते इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल करने की अज्ञात पर प्राथमिकी किया गया है। थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार सोशल मीडिया की निगरानी के क्रम में तुतला भवानी कुंड में स्नान करते महिलाओं व युवतियों का नहाने का फोटो बनाकर पोस्ट किये जाने की जानकारी मिली। बनाया गया वीडियो केवल महिलाओं के निज्जता का उल्लंघन करता है बल्कि अशोभनीय तथा आपत्तिजनक भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विस चुनाव को ले पुलिस ने किया एरिया डोमिनेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रोहतास जिले में विधि-व्यवस्था, शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से दरिहट व आयरकोठा पुलिस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ संयुक्त रूप से एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। थाना क्षेत्र में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किया गया। वही आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि ढेलाबाग,पडुंहार, गोही, टंडवा, आयरकोठा तथा दरिहट थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने दरिहट मुख्य बाजार सहित धरहरा, बेरकप, हुरका व कई गांवों में एरिया डोमिनेशन किया गया। वहीं दोनों थानाध्यक्षों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदान से पहले पूरे थाना क्षेत्र में भयमुक्त और निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित करना है। संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च व गश्ती तेज अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने पैदल गश्ती और फ्लैग मार्च किया। टीमों ने मुख्य बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों व इलाकों में विशेष सतर्कता बरती। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों में भय का माहोल पैदा करना और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना है।

## जलनिकासी विवाद बना मौत का सबब, शव पहुंचते ही फूटा आक्रोश

# मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** कामाख्या ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव में बीते मंगलवार को जलनिकासी को लेकर उपजा विवाद अब त्रासदी में बदल चुका है। इलाज के दौरान घायल अवधेश कुमार यादव की मौत के बाद गुरुवार को जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरा माहौल शोक में डूब गया। पत्नी और दो नाबालिग पुत्रों का विलाप सुनकर हर आंख नम हो उठी। मातम से लिपटा भवानीपुर गांव चीखों और सिसकियों के बीच न्याय की गुहार लगाता दिखा।

इस बीच, मरंगा थाना से फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। वहीं कामाख्या ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि मृतक की मां बिमला देवी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने एक आरोपी सोमू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि गुलशन कुमार, शंभू यादव, कविता देवी, सन्नी कुमारी और विशेखा देवी अब भी फरार हैं। थानाध्यक्ष के अनुसार कांड संख्या 332/25 के तहत आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर छापेमारी जारी है।



**गांव में गुस्सा और गम दोनों है**

लोग कह रहे हैं कि अगर समय रहते प्रशासन ने विवाद की गंभीरता को समझा होता, तो शायद आज यह नौबत नहीं आती। स्थानीयों का कहना है कि पानी की निकासी जैसे छोटे मुद्दे पर बिगड़ी स्थिति प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीणों में आक्रोश है कि घटना के बाद भी कई आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे न्याय पर सवाल उठने लगे हैं।

**प्रशासन पर बढ़ा दबाव**

घटना के बाद क्षेत्रीय पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। अब हर निगाह इस पर टिकी है कि फरार आरोपियों को कब तक गिरफ्तार किया जाता है। लोग चाहते हैं कि न केवल दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाए।

गांव की हवा में आज भी मातम और आक्रोश दोनों घुला है— एक निर्दोष की मौत ने पूरे इलाके की संवेदना झकझोर दी है।

---

## भाजपा की समीक्षा बैठक में 25 विधायकों के टिकट पर संकट

# पूर्णिया सदर से विजय खेमका का नाम चर्चा में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रत्याशी चयन की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। प्रदेश मुख्यालय सभागार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में करीब तीन घंटे चली मैराथन बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार लगभग 25 मौजूदा विधायकों को पुनः टिकट नहीं दिया जाएगा।

बैठक में चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, मंगल पांडेय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, चुनाव समिति के सचिव प्रेमरंजन पटेल समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अहम बैठक में प्रत्याशियों के कार्यकाल की समीक्षा, जनता में उनकी स्वीकार्यता, संगठनात्मक सक्रियता और क्षेत्रीय प्रदर्शन को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी अब इस बार 'जनाधार और प्रदर्शन आधारित' टिकट वितरण की नीति पर आगे बढ़ रही है। इस समीक्षा बैठक

**■ प्रदेश मुख्यालय में हुई बैठक में प्रदर्शन आधारित नीति पर जोर, नए चेहरों को मौका देने की तैयारी**

के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों की मानें तो भाजपा जिन 25 विधायकों को टिकट से वंचित करने पर विचार कर रही है, उनमें पूर्णिया सदर विधानसभा से दो बार लगातार विधायक रहे विजय खेमका का नाम भी शामिल बताया जा रहा है। खेमका ने पिछली बार उल्लेखनीय अंतर से जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार पार्टी के सर्वे रिपोर्ट में उनके खिलाफ जनता की नाराजगी और स्थानीय असंतोष के संकेत मिलने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता पहले जैसी नहीं रही, और यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व अब नए चेहरे की तलाश में है। भाजपा की अंदरूनी रिपोर्ट में यह भी दर्ज हुआ है कि कई सीटों पर लगातार दो या तीन बार जीतने वाले विधायक जनता से दूरी बना चुके हैं, जिससे सत्ता विरोधी लहर बढ़ी है। ऐसे में संगठन अब ताजा चेहरों को आगे लाने की रणनीति पर गंभीरता से विचार कर रहा है। पूर्णिया सदर सीट पर अगर विजय खेमका का टिकट कटता है, तो सवाल उठता है कि भाजपा इस महत्वपूर्ण सीट से किसे उम्मीदवार बनाएगी। पार्टी के भीतर सबसे पहले चर्चा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नाम की है। माना जा रहा है कि यदि वे चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो स्थानीय स्तर पर सभी दावेदार एकजुट होकर उनके समर्थन में उतर सकते हैं। हालांकि जायसवाल ने अब तक चुनाव लड़ने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है। यदि वे मैदान में नहीं उतरते हैं, तो पार्टी के अंदर कुछ अन्य नामों पर गहन विचार चल रहा है जिनमें अंगद मंडल, पल्लवी गुप्ता, डॉ. संजीव और नूतन गुप्ता प्रमुख हैं। इनमें सबसे अधिक चर्चा वर्तमान मुखिया अंगद मंडल के नाम की है, जो संगठन में लंबे समय से सक्रिय और क्षेत्र में लोकप्रिय नेता माने जाते हैं।

---

# बिहार विस चुनाव 2025 : रघुवंशनगर में पुलिस किया फ्लैग मार्च, बढ़ाई सतर्कता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बुधवार को रघुवंशनगर थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष शिशुपाल के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। इस मार्च में थाने के सभी कर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिस जवान भी शामिल हुए, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की दृढ़ता का संदेश मिला।फ्लैग मार्च का उद्देश्य केवल चुनावी गड़बड़ी रोकना ही नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों में विश्वास और सुरक्षा का माहौल बनाना भी बताया गया। थानाध्यक्ष शिशुपाल ने कहा कि आगामी चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए थाना क्षेत्र में गश्ती लगातार बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि मतदान स्थल और आस-पास के क्षेत्र में मतदाता सुरक्षित और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर



सकें।"फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के मुख्य बाजार, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों की निगरानी भी की। इस अवसर पर थाने के अन्य अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर फ्लैग मार्च की सफलता और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि चुनाव के समय इस तरह के कदम उनके मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करते हैं।

---

## केनगर में सड़क पर गड्ढा बना हादसों का सबक

**केनगर/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच-107 पूर्णिया-सहरसा मुख्य मार्ग के केनगर चौक से चम्पानगर जाने वाली सड़क के तीन मुहानी पर पक्की सड़क से जुड़ी ढलाई सड़क में गड्ढा बन जाने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इस गड्ढे के कारण हर दिन छोटी गाड़ियाँ जैसे बाइक, टेम्पो और टोकर टकराकर गिर और पलट रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण मनोज झा, संजीत कुमार, श्याम कुमार और जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह गड्ढा समय रहते नहीं भरा गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सुधार कार्य कराने की मांग की है, ताकि आमजन और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

# बनमनखी में चुनावी तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के साथ सघन बैठक, मतदान और व्यय नियमों पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी अनुमंडल वेश्म कक्ष में गुरुवार को निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम प्रमोद कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान मतदान, मतदाता जागरूकता और प्रशासनिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम, बीडीओ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, भाजपा के दिलीप झा, जेडीयू के प्रदीप मेहता, राजद से उमेश पासवान सहित अन्य दलों के



प्रतिनिधि उपस्थित थे।एसडीएम प्रमोद कुमार ने प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ना, सुविधाजनक मतदान सुनिश्चित करना और मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय को लेकर सख्त निर्देश भी दिए। प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य होगा, जिससे चुनावी खर्च उसी खाते के माध्यम से किया जाएगा और चुनाव समाप्ति पर इसका अद्यतन स्टेटमेंट निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करना होगा। बिहार विधान सभा चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है, जबकि किसी एक व्यक्ति को पूरे निर्वाचन अवधि में 10 हजार रुपये से अधिक नगद भुगतान नहीं किया जा सकता। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि उम्मीदवार अपने व्यय लेखा को कम से कम तीन बार पर्यवेक्षक या उनके द्वारा नामित अधिकारी को दिखाएंगे और व्यय पंजी का मिलान रडफ से किया जाएगा।

---

# औराही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एनक्वास प्रमाणीकरण की तैयारी में जुटा

## राज्यस्तरीय निरीक्षण में केंद्र के सुधारात्मक प्रयासों की सराहना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** स्वास्थ्य सेवा को नागरिकों तक सुरक्षित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुँचाना भारत सरकार की प्राथमिकता है। इसी लक्ष्य के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) लागू किया गया है, जो अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, रोगियों की संतुष्टि और संसाधन प्रबंधन का मूल्यांकन करता है। बड़राहा कोठी प्रखंड के औराही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने एनक्वास प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को व्यवस्थित तरीके से शुरू कर दिया है।

**राज्यस्तरीय निरीक्षण और समीक्षा**

राज्यस्तरीय टीम का निरीक्षण बुधवार को आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व एसेसर विश्वजीत कुमार और सुमन सिन्हा ने किया। निरीक्षण में प्रयोगशाला, मैटरनिटी वार्ड, ऑक्सिलरी सर्विस और जनरल प्रशासन सहित केंद्र के सभी विभागों का गहन मूल्यांकन किया गया। टीम ने कार्यप्रणाली, स्वच्छता स्तर, उपकरणों की उपलब्धता और मरीज अनुभव का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियों की पहचान की गई और उनके समाधान के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सेसर सुमन सिन्हा ने कहा, 'गुणवत्ता सुधार एक सतत प्रक्रिया है। सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सफलता की कुंजी है। शेष कमियों को निर्धारित समय में सुधारना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।'

**सुधार और सामूहिक प्रयास**

डीसीक्यूओ डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बायोवेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता, मरीज फीडबैक, हाउसकीपिंग, लांड्री, इलेक्ट्रिकल ऑडिट और फायर सेफ्टी जैसे क्षेत्रों में सुधार हेतु सुझाव दिए गए हैं।

**डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर ने कहा कि एनक्वास राज्यस्तरीय**

प्रमाणीकरण प्राप्त करना केंद्र का मुख्य लक्ष्य है और इसके लिए चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मिलकर लगातार कार्य कर रहे हैं।

**मरीजों को सुरक्षित और व्यवस्थित सेवाएं**

सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया ने कहा, 'एनक्वास प्रमाणीकरण मिलने के बाद औराही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मरीजों को और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित सेवाएं प्राप्त होंगी।

---

## शक्ति केंद्र बैठक में फूंका गया चुनावी बिगुल

# बूथ स्तर तक मजबूती का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्णिया पश्चिम भाग के डिमिया छत्तर जान शक्ति केंद्र में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और चुनाव में जीत का मूल मंत्र बूथ स्तर की मजबूती है।

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं और प्रत्येक मतदाता से सीधे संवाद स्थापित करें। मंडल अध्यक्ष पानू देवी ने कहा कि आज जनता विकास चाहती है, वंशवाद नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा



कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें ताकि लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने महिला कार्यकताओं से भी अपील की कि वे आगे आकर समाज में भाजपा की नीतियों को जन-आंदोलन का रूप दें। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मुखिया अंगद मंडल ने कहा कि अब वक्त संगठन को जमीन पर और अधिक सशक्त करने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत जनता के बीच उसकी सक्रियता और ईमानदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अब घर-घर पहुंचकर पार्टी का संदेश देना होगा ताकि विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिल सके।बैठक में विमल मंडल, वीरेंद्र सिंह, बबलू चौधरी, प्रदीप साह , विनोद सिंह, राजकुमार, विनोद मंडल, सुरेश झा, प्रमोद महतो, जेडीयू नेता विद्यनाथ मंडल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का माहौल पूरी तरह चुनावी जोश और संगठनात्मक एकता से ओतप्रोत रहा। कार्यकताओं ने नारा दिया— 'फिर एक बार, मोदी सरकार' और 'हर बूथ, मजबूत'।

---

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : प्रखंड स्तर पर वोटर जागरूकता अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/ चम्पानगर/ पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही प्रखंड प्रशासन ने लोकपर्व के महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में सीडीपीओ अमृता वर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया।

सीडीपीओ अमृता वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्र में बुजुर्ग, विकलांग और युवा मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जागरूक करें। उन्होंने सभी से ह्लपहले करो मतदान, फिर जलपानह्व का नारा बुलंद करते हुए बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की अपील की। अमृता वर्मा ने यह भी बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रखंड के 17 पंचायतों और नगर पंचायत चम्पानगर समेत कुल 18 पंचायत क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 1,52,279 है, जिनमें पुरुष मतदाता 79,503, महिला मतदाता 72,768 और थर्ड जेंडर मतदाता 8 हैं।

---

# पूर्णिया जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण व स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश और स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) के मार्गदर्शन में गुरुवार को पूर्णिया जिले के सभी प्रखंडों के आँगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह और स्वीप कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इस अवसर पर संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के नेतृत्व में आँगनबाड़ी सेविकाओं ने ढहऊ (दिव्यांग) मतदाताओं को उनके वोट के महत्व और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी की जानकारी दी। जागरूकता सत्र में बताया गया कि 'हर वोट, हर भागीदारी, हर आवाज लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है।' इसके साथ ही, ढहऊ मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर सुगमता से पहुँच सुनिश्चित करने हेतु रैंप और व्हीलचेयर की सुविधा भी प्रदान की गई। जिला प्रशासन ने अपील की है कि परिवार के सदस्य यदि अपने परिवार में कोई ढहऊ मतदाता हों, तो उन्हें लेकर संबंधित मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएँ और लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएँ।

---

## बकाया पैसे को लेकर विवाद में हुई मारपीट का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**केनगर/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में बकाया पैसे को लेकर पिछले साल हुई मारपीट के मामले में थाना कांड से फरार चल रहे आरोपी शकलदेव शर्मा को केनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शकलदेव शर्मा परोरा पंचायत के मिल्की टोला, परोरा गाँव का निवासी है। थाना पुलिस ने गुरूवार को उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में वादी बीरबल शर्मा, जो स्व. खीर मोहन शर्मा के पुत्र हैं, ने 20 जून 2023 को कुल 9 लोगों के खिलाफ केनगर थाना में कांड संख्या 376/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

---

# रोटी बनाम वोट- लोकतंत्र के आईने में मजदूरों का मौन पलायन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** चुनाव की तारीखें तय हो चुकी हैं। आचार संहिता लागू हो गई है। नेताओं के भाषणों में लोकतंत्र की बातें हैं, जनता के बीच वादों की गूंज है। लेकिन इन नारों के बीच एक स्याह हकीकत छिपी है— बिहार का मजदूर वर्ग एक बार फिर अपने गांव-घर छोड़ परदेस जा रहा है।

बनमनखी रेलवे स्टेशन इन दिनों एक सच्चाई का गवाह बना हुआ है, जो किसी राजनीतिक मंच पर नहीं गूंजती। स्टेशन पर सैकड़ों मजदूर अपने परिवार के साथ ट्रेन पकड़ने की कोशिश में हैं। उनके हाथों में बोरियां, आंखों में चिंता और होठों पर एक ही सवाल— 'अगर अब नहीं जाएंगे, तो बच्चों को क्या खिलाएंगे?' दुर्गा पूजा खत्म होते ही यह पलायन तेज हो गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली की ओर जाने वाली हर ट्रेन में ठसाठस भीड़ है। मजदूरों का कहना है कि मंडी का सीजन शुरू हो चुका है, जहां उन्हें कुछ महीनों का रोजगार और बेहतर मजदूरी मिल जाती है। लेकिन यही कुछ महीने बिहार के लोकतंत्र के लिए भारी पड़ सकते हैं।

**लोकतंत्र की गिनती में गुम हो गया मेहनतकश वर्ग**

चुनावी समीकरणों और आंकड़ों के बीच शायद ही किसी दल ने सोचा हो कि यह वही वर्ग है, जिसकी मेहनत से देश की अर्थव्यवस्था चलती है, खेत लहलहाते हैं, और इमारतें खड़ी होती हैं।

फिर भी, लोकतंत्र की गिनती में ये लोग अक्सर 'गैरहाजिर मतदाता' बनकर रह जाते हैं। चुनाव आयोग, प्रशासन और राजनीतिक दल सभी



मतदाता जागरूकता की बातें करते हैं, लेकिन क्या किसी ने उन ट्रेनों में झांकने की कोशिश की है, जिनसे हजारों वोटर अपने हक से दूर जा रहे हैं?

मजदूर अरुण शर्मा की बात में दर्द है—'मतदान जरूरी है, लेकिन काम न मिले तो बच्चे भूखे रहेंगे। पेट की आग को वोट से नहीं बुझाया जा सकता।' यह वाक्य सिर्फ एक मजदूर का बयान नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है, जो विकास के दावों के बावजूद रोजगार की गारंटी नहीं दे सकी।

**पलायन – व्यवस्था की मौन स्वीकृति**

हर चुनाव में बिहार से पलायन पर चर्चा होती है, मगर समाधान कभी नहीं निकलता।

सरकारी रिपोर्टों में रोजगार योजनाओं के आंकड़े दर्ज हैं, पर हकीकत यह है कि बनमनखी से लेकर कटिहार, अररिया, सहरसा, और मधेपुरा तक हर रेलवे स्टेशन पर रोजाना हजारों मजदूर परदेश की ओर जा रहे हैं।

**क्या यह पलायन सरकारों की मौन स्वीकृति नहीं बन चुका है?**

एक तरफ नेता रोजगार सृजन की घोषणाएं कर रहे हैं, दूसरी ओर मजदूरों की भीड़ रोटी की तलाश में घर छोड़ रही है। लोकतंत्र तब अधूरा हो जाता है जब वह अपने नागरिकों को दो जून की रोटी के लिए दूसरों की धरती पर जाने को मजबूर कर दे।

**रोटी बनाम वोट – एक अनंत संघर्ष**

आगामी चुनाव में लाखों ऐसे मतदाता होंगे जो वोट डालने की सूची में तो होंगे, लेकिन मतदान केंद्र तक पहुंच नहीं पाएंगे। यह सवाल अब सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है — क्या लोकतंत्र का अर्थ सिर्फ मतदान तक सीमित रह गया है, या उसमें नागरिक की गरिमा, उसके जीवन का अधिकार भी शामिल है?

मजदूरों का पलायन एक दर्द भरी कहानी है, जो हर साल दोहराई जाती है। चुनाव आते हैं, नारे बदलते हैं, लेकिन मजदूर की विवशता वही रहती है— रोटी पहले या वोट पहले?

**अब समय जवाब देने का है**

अब यह राज्य की और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस सवाल से मुंह न मोड़ा जाए। अगर लोकतंत्र को सशक्त बनाना है तो उसकी जड़ में बैठे इन मौन चेहरों को बोलने का अधिकार देना होगा। जब तक मजदूर अपने घर में रोजगार नहीं पाएंगे, तब तक वोट की गिनती अधूरी रहेगी, और लोकतंत्र भी अधूरा कहलाएगा।

---

# बाढ़ का कहरः नदियों ने बना दिया जीवन असहनीय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर /पूर्णिया।** प्रखंड का इलाका हर साल नदियों की विभीषिका से त्रस्त रहता है। कनकई, महानंदा, परमान और बकरा जैसी नदियां बरसात के मौसम में उग्र होकर रिहायशी इलाकों में टूट पड़ती हैं और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी और मुश्किल का सबब बन जाती हैं। इन नदियों की मनमर्जी ने यहां के लोगों को मजबूरी में समझौता करने पर मजबूर कर दिया है।

प्रशासन की चुप्पी और केवल राहत सामग्री बांटने तक सीमित रवैया ग्रामीणों की परेशानी को और गहरा कर देता है।बाढ़ और कटाव ने इन्हें स्थायी रूप से आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। साल के छह महीने ऐसा लगता है जैसे इंसान और



जानवर में कोई फर्क ही नहीं रह जाता। जून आते ही नदी किनारे कटाव शुरू हो जाता है और जुलाई में बाढ़ का पानी लगातार उतार-चढ़ाव करता रहता है। इसका सीधा असर खेती पर पड़ता है, जिससे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए ग्रामीणों को साल के अधिकांश समय परदेस में मजदूरी करनी पड़ती है। क्षेत्र में कोई कारखाना या उद्योग नहीं होने के कारण रोजगार के लिए परदेस जाना उनके लिए अनिवार्य बन गया है।

हर साल घरों में पानी घुसने, पुल टूटने और कटाव के चलते जान-माल का जोखिम उठाते हुए लोग बाढ़ पीड़ितों की मदद और राशन लेने को मजबूर हैं। पानी घटते ही कटाव से गिरते घर, टूटी पुलों पर जुगाड़ कर पार करते लोग और हर साल घरों में घुसता बाढ़ का पानी ग्रामीणों के जीवन की सच्चाई को बयां करता है। समाजसेवी चुन्नी देवी ने सरकार से मांग की है कि बाढ़ से प्रभावित सीमलवारी, नगरा टोला, सूरजपुर समेत अन्य गांवों में स्थायी समाधान खोजा जाए और राहत सामग्री तुरंत उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों की पीड़ा सालों से चली आ रही है, और अब उनका इंतजार है कि प्रशासन केवल आश्वासन देने तक सीमित न रहे बल्कि स्थायी उपाय करें, ताकि नदियों की विभीषिका से उनका जीवन कुछ आसान हो सके।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन की प्रक्रिया संपादित कराए जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की भौतिक स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, रैम्प, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रतीक्षालय, छाया स्थल एवं अन्य आवश्यक सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा निर्वाचन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि सभी मतदान केन्द्रों पर निर्धारित सुविधाएं समयबद्ध रूप से ससमय सुनिश्चित की जाएं ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा मतदाताओं को न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें तथा निर्वाचन कार्यों में पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता का परिचय दें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि दिव्यांग, वृद्ध एवं महिला मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं यथोचित रूप से उपलब्ध कराई जाए जिससे सभी मतदाता सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध वातावरण में मतदान प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

# पंजाब नैशनल बैंक के अधिकारियों की हड़ताल का नहीं दिखा असर

## पीएनबी की शाखाओं में ग्राहकों को आम दिनों की तरह मिलती रही सेवाएं





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फ़ेडरेशन की ओर से 9 और 10 अक्टूबर को घोषित दो दिवसीय हड़ताल का औरंगाबाद मंडल के तहत संचालित बैंक शाखाओं में कोई खास असर नहीं पड़ा और आम दिनों की तरह ग्राहक के कार्यों का निष्पादन होता रहा। बैंक की सभी शाखाओं में बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ ग्राहकों की उपस्थिति लगभग सामान्य दिनों की तरह रही और जमा-निकासी समेत अन्य सभी बैंकिंग कार्य अन्य दिनों की तरह होते रहे। गौरतलब है कि एसोसिएशन ने अपनी कुछ मांगों को सरकार से मनवाने के लिए शाखाओं का कार्य बंद रखने के वास्ते हड़ताल का आह्वान किया था। इस आह्वान के पहले दिन 9 अक्टूबर को कोई खास असर नहीं दिखा। शाखाओं में सुचारु रूप से ग्राहक सेवा नियमित समय से दी गई। बैंक प्रबंधन द्वारा हड़ताल से आंशिक प्रभावित शाखाओं में अन्य शाखा से कर्मचारी भेजकर सुचारु रूप से शाखा को चलाने की व्यवस्था की गई। इस दौरान शाखाओं में भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। बैंक प्रबंधन का कहना है कि हमारी कोशिश इस बात की है कि संगठन के हड़ताल के आह्वान के दौरान भी ग्राहकों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो और उन्हें बैंकिंग सेवाएं मिलती रहे।

# औरंगाबाद से आनंद शंकर और कुटुंबा से राजेश राम को मिला कांग्रेस का टिकट





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने औरंगाबाद जिले की दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस पार्टी से जुड़े उच्च सूत्रों के अनुसार पार्टी ने जिन 25 उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिए हैं उनमें औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक आनंद शंकर सिंह और कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक सह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार का नाम शामिल है। दोनों नेताओं का क्षेत्र में काफी दबदबा है और उन्होंने जनता की हर समस्या का समाधान करते हुए क्षेत्र में विकास के कई कार्य किए हैं। दोनों नेताओं के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थक काफी उत्साहित हैं और अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

# मतदानकर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदानकर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। छह केंद्रों पर आयोजित शिविर में करीब छह हजार मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर नियुक्त सभी कर्मियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों, प्रक्रियाओं और आयोग की ओर से निर्धारित मानकों की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है ताकि निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता, दक्षता एवं निर्विघ्न संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री ने सभी अधिकृत प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कर्मियों से मतदान और इवीएम से संबंधित प्रश्न भी पूछे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार ने बताया कि मतदानकर्मियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 09 से 11 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सभी पीठासीन पदाधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य के लिए प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मी सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन अनुग्रह इंटर विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल जूनियर ब्रांच दानी बिगहा, अंबिका पब्लिक स्कूल, सेंट इग्नियस स्कूल और राजर्षि विद्या मंदिर औरंगाबाद में किया जा रहा है। नोडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी कोटि के मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण देने हेतु पूर्व में अधिकृत मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया था। वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम इन्हीं मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसमें मानक के अनुसार मतदान संचालन एवं संपन्न कराने से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सत्र के दौरान सभी मतदानकर्मियों को इवीएम एवं वीवीपैट मशीन उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से मॉक पोल कराकर उन्हें मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जा रहा है ताकि मतदान के दिवस पर किसी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियागत त्रुटि की संभावना न रहे। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे मतदान केंद्र की स्थापना मतदाता पहचान मतदान प्रक्रिया आचार संहिता का अनुपालन एवं मतगणना की तैयारी पर भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# जन सुराज ने नबीनगर से अर्चना चंद्र व गोह से सीताराम दुखारी को बनाया उम्मीदवार





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तारीखों की घोषणा होने के बाद जन सुराज पार्टी की ओर से प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर गई है। इसमें नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से बारून की पूर्व प्रखंड प्रमुख अर्चना चंद्र और गोह विधानसभा क्षेत्र से सीताराम दुखारी के नाम की घोषणा की गई है। दोनों नेताओं के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थक काफी उत्साहित हैं और सभी अपनी जीत का दावा अभी से ही कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में भ्रमण कर जनता के बीच जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के विचारों को रखा है और बिहार में बदलाव लाने की बात कही है।

# दीवार लेखन व चुनाव पाठशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के लिए जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान को गति दे दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की तिथि 11 नवंबर निर्धारित की गई है। शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में स्वीप अभियान के तहत लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित स्वीप कैलेंडर के अनुसार गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों, अनुमंडलों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में दीवार लेखन और चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित और लोकतंत्र के इस पर्व में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। दीवार लेखन के तहत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता से जुड़े आकर्षक नारे और संदेश लिखे गए जैसे पहले मतदान, फिर जलपान और मेरा वोट, मेरा अधिकार। वहीं चुनाव पाठशाला में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान के महत्व, आचार संहिता और युवा मतदाताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार मतदाता जागरूकता की गतिविधियां चल रही है जिसमें नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, प्रभातफ़ेरी, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर प्रदर्शनी और रैलियां शामिल हैं। उनका कहना है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित कर उन्हें परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# कार की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज-बसतपुर मोड़ के समीप एनएच-19 पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक दंपत्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज़ के दौरान सदर अस्पताल में पत्नी की मौत हो गई जबकि जख्मी पति मगध मेडिकल गयाजी में इलाजरत है। मृतका की पहचान गया जिले के बांकेबाजार छकरबंधा थाना क्षेत्र के पिछुलिया गांव निवासी विजय यादव की पत्नी सविता देवी के रुप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार दंपति इलाज़ को लेकर औरंगाबाद गए थे। यहां से वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह पर बाइक सवार दंपति हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी को बेहतर इलाज़ के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज़ के दौरान पत्नी ने दम तोड़ दिया। वहीं इस घटना में जख्मी विजय यादव को हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोटें आई है उनका इलाज मगध मेडिकल गयाजी में चल रहा है। इस घटना से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतका के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। सूचना के आधार पर सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के पति जख्मी विजय यादव को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल रेफर किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# राजमुनी देवी बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मंजुराही स्थित राजमुनी देवी बीएड कॉलेज में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता (क्विज प्रतियोगिता) तथा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में एडीएमओ अंतरा कुमारी, एबीएफ आसमा कुमारी, नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी एवं स्नेहा कुमारी शामिल हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीर भवानी एवं निदेशक शशि भूषण सिंह द्वारा अतिथियो को मोमेंटो एवं भागवत गीता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर एमके सिंह द्वारा क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीर भवानी द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलायी गयी और छात्रों को अपने पास-पड़ोस में मतदाता जागरूकता हेतु प्रेरित करने का पाठ पढ़ाया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार धर्मेन्द्र, नकुल, शालिनी, पिंकी, द्वितीय पुरस्कार शिवम, सावित्री, खुशबू, सुषमा एवं तृतीय पुरस्कार आयुष, गौरव, अविनाश एवं पियूष को मिला। छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ ली। मौके पर महाविद्यालय के व्याख्याता मृत्युंजय कुमार, सुशील कुमार, प्रवीण कुमार, विकास, शालिनी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# विभिन्न मामलों में 39 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 39 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 19 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी में 1, आर्म्स एक्ट में 3, रंगदारी में 8, शराब के शीर्ष कांडों में 14 एवं अन्य शीर्ष कांड में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1400 वाहनों की जांच की गई जिसमें 78500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 45.60 लीटर देसी शराब, देसी पिस्टल 1, जिंदा कारतूस 2, 2 चार चक्का वाहन एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। वहीं वारंट निष्पादन की संख्या 16 है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक कि माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोक थाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

# हत्या मामले में अभियुक्त को सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश उमेश प्रसाद ने अम्बा थाना कांड संख्या 82/15, एसटीआर 79/16 में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त थाना क्षेत्र के कसौटी गांव निवासी संतोष पासवान को सज़ा सुनाई है। एपीपी बिगू प्रसाद ने बताया कि अभियुक्त को 26 सितंबर को दोषी ठहराया गया था। गुरुवार को सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को हत्या मामले में 9 साल 6 माह की सजा और पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सज़ा होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक अंबा निवासी राम लखन चौधरी ने 05 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि मेरे भाई डॉ रामनंदन चौधरी अपने दवाखाने में बैठे हुए थे, इसी दौरान अभियुक्त ने मजदूरी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया। इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। अभियुक्त फिलहाल जेल में बंद हैं।

# डीएम ने किया उत्पाद चेक पोस्ट का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को सफल, स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद चेक पोस्ट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चेक पोस्ट पर तैनात कर्मियों से निर्वाचन कार्य से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उत्पाद विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को चुनाव अवधि के दौरान राज्य सीमा से अवैध शराब, नकदी, उपहार सामग्री अथवा अन्य प्रलोभनकारी वस्तुओं की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक वाहन की सघन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने तथा 24 घंटे प्रभावी चौकसी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आचार संहिता के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता एवं निष्ठा से करें। इस अवसर पर उत्पाद अधीक्षक, पुलिस पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# खेल से व्यक्ति की नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : डॉ विजय

## अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव कॉलेज विजेता घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। यह बात राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कहीं। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कई महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरूंजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, निर्णायकों एवं खिलाड़ियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समूह में खेलने व सहयोग एवं संवाद करने तथा जिम्मेदारियां संभालने से क्षमता विकसित होती है, वह नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देती है। टूर्नामेंट में मगध विश्वविद्यालय से संबद्ध कई प्रतिष्ठित महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, दृढ़ इच्छाशक्ति और खेल भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों के पश्चात राम लखन सिंह यादव कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। गया कॉलेज, गया उपविजेता रही जबकि अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज, नबीनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में रेफरी टिंकू कुमार, देव कुमार उर्फ रम्मी, अरविंद कुमार सिंह एवं लाइनमैन के रूप में सुमन, गोल्डन अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय रजक ने निर्णायकों को उनके निष्पक्ष निर्णय एवं समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। खेल प्रभारी डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और खेल के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि कॉलेज की छात्राओं ने अनुशासन और खेल-निपुणता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर नैक को-ऑर्डिनेटर डॉ. तरुण कुमार माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार रमन, डॉ. दीपक कुमार, राजकुमार सिंह, मुकेश कुमार, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093